नेताओ, विशेष रूप से पश्चिमी देशो, से यह अपील की कि वे पश्चिमी पाकिस्तान पर दबाव डालकर समस्या के समाधान मे सहायता करें। इसका कोई नतीजा नही निकला। विवश होकर देश को सुरक्षित रखने के लिए और पूवी पाकिस्तान के स्वतंत्रता-सेनानियो को मदद करने के लिए इंदिरा गांधी ने भारतीय सेना को वहा भेजा। भारत की कार्रवाई के कारण बंगला देश का उदय हुआ। यह घड़ी उनके जीवन का स्वर्णिम क्षण था। उनकी अन्त्येष्टि मे आए बंगलादेश के राष्ट्रपति इरशाद ने नए प्रधान मंत्री राजीव गांधी से यह ठीक ही कहा कि इंदिरा गांधी केवल उनकी ही मां नहीं थी, वह बंगलादेश की भी जननी थी। वहां के कृतज्ञ निवासी उनको कभी नहीं भूलेंगे।

इंदिरा गांधी ने नमीबिया की आजादी के लिए द० अफ्रीका मे रंगभेद नीति को समाप्त करने और फिलिस्तीनियो को स्वशासित राज्य दिलाने का भरसक प्रयास किया।

हाल के वर्षो मे भारत की प्रधान मन्त्री इंदिरा गांधी को जो अंतर्राष्ट्रीय मान्यता और सम्मान मिले, वह हम सब के लिए गौरव की बात है। गुट निरपेक्ष आन्दोलन के देशों का सर्वसम्मत निर्णय कि सातवां शिखर सम्मेलन बगदाद के स्थान पर दिल्ली मे हो, थोड़े महीनों मे ही शिखर सम्मेलन का दिल्ली में सफलतापूर्वक आयोजन, अंतर्राष्ट्रीय कठिनाइयो एव आंतरिक मतभेदो के बावजूद शिखर सम्मेलन में अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आन्दोलन द्वारा एकता और संकल्प का प्रदर्शन और अंत में गुट निरपेक्ष आन्दोलन के अध्यक्ष की अनेक पहलें और प्रयत्न इंदिरा गांधी के सफल और बहुआयामी नेतृत्व के प्रमाण हैं। उसके बाद राष्ट्रमंडल सम्मेलन का दिल्ली में होना और मतभेदों के होते हुए भी अंतर्राष्ट्रीय संकट मे उसकी रचनात्मक भूमिका की कोशिश इंदिरा गांधी की राजनयिक परिपक्वता की प्रतीक थी।

विश्व शांति के लिए वह सबसे बड़ा खतरा शस्त्रीकरण, विशेष रूप से आणविक शस्त्रो का विकास, और आर्थिक गिरावट समझती थी। इसलिए गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन और अन्य स्थानो पर उन्होने विश्व शांति निःशस्त्रीकरण और विकास का नारा दिया।

इंदिरा गांधी की अनुपस्थिति अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर विश्व नेताओं को अखरी। उनके निधन से विकासशील गुट निरपेक्ष देशों ने अपने हितों का एक प्रबल समर्थ खो दिया। सं० रा० संघ में आयोजित गुट निरपेक्ष देशो ने यह संकल्प किया है कि वे इंदिरा गांधी के बताए हुए सिद्धान्तो पर चलते रहेगे।

रूपक

हर अंधेरे में जगमगाती दीप शिखा

वीरेंद्र गोहिल

जो देश नदी पर निर्भर होता है, वह नदी के न होने पर अर्थात् नदी के सूख जाने पर क्षीण हो जाता है। जिस प्रकार एक भूमिखण्ड नदी से अलग हो कर सूखता है उसी तरह अपने जाने-पहचाने और प्रिय जन नेता के न होने पर जनता भीतर ही भीतर सूखने और टूटने लगती है। वर्षो-वर्षो से बहती और भूमि के एक बड़े भाग को सींचने वाली एक नदी सहसा सूख गई।

* * *

विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र की प्रधान मन्त्री, निर्गुट सम्मेलन की अध्यक्ष, रंगभेद नीति की कट्टर विरोधी, विश्व शान्ति और निःशस्त्रीकरण की पक्षधर, करोड़ो करोड़ लोगो की आशाओ की स्त्रोत स्रोत, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद में गहन आस्था रखने वाली – श्रीमती इन्दिरा गांधी अब हमारे बीच नही हैं।

* * *

श्रीमती इन्दिरा गांधी का देहावसान असमय और अचानक है – एक वज्राघात जैसा। विश्वासघात के आघात ने उनके प्राण लिये। इतिहास में एक बार फिर विश्वास कलंकित हुआ है। हम सब के चारों ओर एक अजीब सन्नाटा है। हम सब इस महाशोक से जुड़ गए हैं क्योकि एक आकार हमारे सामने से सहसा अन्तरधान हो गया। शोक की इस घड़ी में देश के इस बड़ी पीड़ा को कोई नाम नहीं दिया जा सकता।

विश्व इतिहास की एक महान चर्चित महिला श्रीमती इन्दिरा गांधी का जन्म 19 नवम्बर, 1917 को तीर्थराज प्रयाग मे हुआ था। भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू और कमला नेहरू ने अपनी एक मात्र संतान का नाम रखा था – इन्दिरा प्रियदर्शनी। वे दिन थे – स्वतन्त्रता आन्दोलन के। और आनन्द भवन था आजादी की गतिविधियों का केन्द्र स्थल। दादा मोती लाल नेहरू से लेकर दादी स्वरूपरानी तक से लोरियों के साथ बालिका इन्दिरा ने कुर्बानी की अनगिनत कहानियां सुनी थी।

राष्ट्रीयता और देशभक्ति के वातावरण मे जीवन का श्रीगणेश करने वाली बालिका प्रियदर्शनी गुडियों के खेल में भी स्वाधीनता संग्राम को अभिनीत करने लगी। श्री जवाहर लाल नेहरू ने अपनी जीवनी में उन दिनो की चर्चा करते हुए

लिखा है – "जुर्माना नहीं देना कांग्रेस की नीति थी। इसलिए पुलिस प्रायः आ जाती थी और घर के सामान को ढो ले जाती थी। मेरी चार वर्षीय बेटी इन्दिरा पुलिस के इस क्रमिक कार्यकलाप से बहुत ही दुखी होती थी। उसने पुलिस का विरोध किया और अपनी गहरी नाराजगी जाहिर की।"

स्वाधीनता संग्राम में जूझे हुए परिवार के वातावरण मे इन्दिरा प्रियदर्शनी को परम्परागत रूप से व्यवस्थित शिक्षा प्राप्त न हो सकी। उन्हें इलाहाबाद, पूना, शान्तिनिकेतन, स्विट्जरलैण्ड और इंग्लैण्ड मे शिक्षा मिली। लेकिन जीवन का व्यावहारिक शिक्षण उन्हें मिला महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, रवीन्द्र नाथ टैगोर जैसे महापुरुषों से।

इन्दिरा जी अपने स्वभाव से सभी को प्रभावित करती थीं और लोगो के मन पर एक अमिट छाप छोड़ती थी। जब इन्दिरा जी शान्तिनिकेतन में शिक्षा प्राप्त करने के बाद वापिस लौटी तो रवीन्द्रनाथ टैगोर ने उनके बारे मे पण्डित नेहरू को लिखा था – "मैं बहुत ही भारी दिल से, इन्दिरा को विदा कर रहा हूं, क्योकि वह यहां ऐसी ही निधि थी।

"मैंने बहुत ही निकट से, उसको देखा है और उसकी देखभाल की है। आपने जिस तरह से उसका पालन-पोषण किया है, उसकी प्रशंसा किये बगैर नही रहा जा सकता है। उसे आपका चरित्रबल प्राप्त है, साथ ही आपके विचार भी।"

पिता के चरित्रबल और विचारो से ओतप्रोत इन्दिरा जी, जो एक समय शान्तिनिकेतन की विभूति थी, एक दिन सम्पूर्ण भारत की ही नहीं, विश्व की विभूति सिद्ध हुईं। शान्तिनिकेतन से शिक्षा के उपरान्त, विदाई के समय रवि बाबू, अध्यापकगण और सहपाठियो के दिल भारी हो उठे थे और आज जब वह विभूति हम से छिन गई है तब .. किस का दिल नहीं भरा हुआ है.

* * *

इन्दिरा जी के व्यक्तित्व के विविध पक्षों का विकास बचपन से व्यवहार की पाठशाला में हुआ। छुटपन से ही संगठन और नेतृत्व के गुण उन्होंने सीख लिये थे। इन्दिरा जी की बुआ श्रीमती कृष्णा हथीसिह ने अपनी पुस्तक 'इन्दु से प्रधानमन्त्री' मे ऐसी अनेक घटनाओं का उल्लेख किया है। छोटी उम्र मे ही इन्दिरा जी महात्मा गांधी द्वारा स्थापित चर्खा संघ के बाल विभाग का संचालन करने लगी थी। और 12 वर्ष की उम्र में तो उन्होने 'बानर सेना' का गठन किया था। बानर सेना – बालक आन्दोलनकारियों का दल था, जिसका उद्देश्य सत्याग्रह और आन्दोलन मे सहायता सहयोग पहुंचाना था। समाजसेवा का यह व्रत वह अन्तिम समय तक निभाती रही।

छात्र जीवन मे उन्होंने गंदी बस्तियो और कमजोर वर्ग के लोगों के बीच काम किया। पिता पण्डित जवाहर लाल नेहरू के साथ उन्होने छात्र जीवन मे ही अनेक

देशो की यात्राएं की और विशाल आयोजनों को देखा।

पिता नेहरू अपनी पुत्री के नाम पत्र लिख कर उसे विश्व घटनाओं से परिचित कराते रहते थे। 14 नवम्बर, 1938 को उन्होने लिखा – "आब लोकतन्त्र का दायरा इतना बढ़ाना होगा कि उसमें आर्थिक बराबरी का भी समावेश हो सके। यही वह महान क्रान्ति है जिसमें होकर हम सब गुजर रहे हैं। ताकि लोकतन्त्र पूरी तरह सार्थक हो और हम लोग विज्ञान तथा तकनालाजी की तरक्की के साथ-साथ चल सके।"

पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 मे जो भविष्य देखा था, उसे हमने साक्षात देखा। प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने, गरीबी दूर करने, कमजोर वर्गो की दशा सुधारने और वैज्ञानिक जगत में भारत का नाम स्थापित करने मे जो कुछ किया है, वह सब उन की स्मृति को हमेशा-हमेशा के लिए अमर कर गया है।

* * *

स्वतन्त्रता आन्दोलन से जूझते हुए आया 1942 का साल। इन्दिरा प्रियदर्शनी के हाथ अभी-अभी पीले हुए थे और वह इन्दिरा प्रियदर्शनी से इन्दिरा गांधी हुई थी फिरोज गांधी के साथ विवाह कर के तभी भारत-छोड़ो-आन्दोलन में भाग लेने का आह्वान हुआ, और नव विवाहित दम्पति उसमे कूद पड़ा और परिणाम हुआ जेल यात्रा।

* * *

आजादी के बाद इन्दिरा जी अनेक राजनीतिक, सामाजिक और सास्कृतिक संस्थाओं से जुड़कर समाजसेवा के काम में लगी रही। इन्दिरा जी बाल हितकारी परिषद की अध्यक्ष, और बाल हितकारी अन्तर्राष्ट्रीय संघ की उपाध्यक्ष बनी। उन्होंने बाल सहयोग नामक संस्था की स्थापना की और देश भर में फैले बाल भवनो और बाल संग्रहालयो की भी अध्यक्ष रही। 1959 मे श्रीमती गांधी राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष निर्वाचित हुई।

श्रीमती गांधी संकट के समय सदैव आगे आकर काम करने में विश्वास रखती थी। प्रधानमंत्री बनने के पहले से ही वह सामाजिक कार्यों मे आगे बढ़कर हिस्सा लेती थी। उनके व्यक्तित्व के अनेक पहलू रहे है। उनके ममत्व और प्रेम की अनेक घटनाएं इतिहास के पन्नो की तरह सामने आती है। हिन्दुस्तान-पाकिस्तान के बंटवारे के समय हुए साम्प्रदायिक दंगो में एक छोटी-सी लड़की के पैर कट गये। वह अपने हाथो से घिसट कर चलती थी। इन्दिराजी ने जब उसे देखा तो उनका दिल भर आया। उन्होने उस गरीब लड़की के काठ के पैर लगवा दिये। एक दिन जब वही लडकी उनसे मिलने आई तो यह देखकर उन्हे बहुत प्रसन्नता हुई कि

उसकी शादी हो गई थी।

बच्चो के बारे में उनका प्रेम सर्वविदित है। बालसहयोग की स्थापना के पीछे की मार्मिक कथा के पीछे एक अपंग बालक से उनकी भेट थी। अपंग बालक से उन्होने पूछा था कि तुम दिन भर कितना कमाते हो। उसने कहा, थोड़े से पैसे मिल जाते है तो खाना खा लेता हूं, नही तो ...

* * *

एक बार एक साम्प्रदायिक दंगे की घटना है। कुछ लोग एक व्यक्ति का पीछा कर रहे थे। इन्दिराजी ने देखा तो अपनी कार से उतर कर भीड़ मे पहुंच गई। लोग कहते रहे कि आप वहां मत जाइये। इन्दिराजी ने कहा था, तुम एक आदमी के प्राण नही ले सकते। इन्दिराजी उस घायल को लेकर अस्पताल पहुंची थी।

* * *

इन्दिराजी के व्यक्तित्व से प्रभावित होने वाले लोग दुनिया भर में है। श्रीमती टालर ने उनके बारे में कहा था—इन्दिराजी केवल मानवो की नेता नहीं हैं, मानवता की नेता हैं। अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति जानसन की पत्नी ने कहा था— अगर भारत का असली दर्शन करना है तो उसके ग्रामो मे जाये, परिचय पाना हो तो कविवर रवीन्द्रनाथ टैगोर की कविताएं पढ़ें और यदि भारतीय जीवन का मर्म समझना हो तो इन्दिरा गांधी जैसी शिक्षिका का मार्गदर्शन प्राप्त करें। मै अपने को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे ये तीनो अवसर मिले।

दुनिया भर मे इन्दिराजी को मिली प्रसिद्धि का एक ही उदाहरण प्रर्याप्त होगा कि विश्व के अनेक देशों में अभिभावकों ने अपने घर बेटी के जन्म पर उसका नाम 'इन्दिरा' रखा।

स्वतन्त्र भारत के प्रधानमंत्रियों में इन्दिराजी सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बनी। 1966 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने के पहले श्रीमती इन्दिरा गांधी श्री लालबहादुर शास्त्री-कैबिनेट में सूचना तथा प्रसारण मंत्री बनी थी। प्रधानमंत्री बनने पर दुनियाभर के लोगों ने कहा—क्षीणकाय दीखने वाली इस महिला के सिर पर कांटो का ताज आ गया है। लेकिन इतिहास गवाह है कि इन्दिराजी ने हर संकट के समय कितनी सूझबूझ और साहस से देश को नेतृत्व प्रदान किया। प्रायः लोग उनसे पूछते थे कि एक महिला होने के नाते आपको राजनैतिक और कूटनीतिक स्तर पर कार्य करते हुए कोई कठिनाई तो नहीं होती ?

रोमन अकादमी ने 1965 में इजाबेला टएस्ते पुरस्कार शुरू किया था। इस पुरस्कार के लिए दुनियाभर से 14 महिलाओं का चुनाव किया गया था। इन 14 महिलाओं मे इन्दिरा जी भी एक थीं। उन्हे पुरस्कार देते हुए कहा गया था, "इन्दिरा

जी सर्वाधिक कुशल कूटनीतिज्ञ महिला हैं।"

इन्दिराजी ने इस भ्रम को कुशलता से दूर किया कि नारी होने से कर्त्तव्यपालन मे विघ्न आता है। वह स्वयं को नारी बाद में, देश की स्वतन्त्र नागरिक पहले मानती थी। प्रतिदिन 16 से 18 घंटों तक काम करके भी वह थकती नहीं थी। हर सबेरे वह तरोताजा और प्रसन्न होकर लोगों का स्वागत करती थी। विश्व समस्याओं के तनावों की छाया मे मुस्कराते रहने का रहस्य उनकी अपनी निजी विशेषता थी।

इन्दिरा जी के पास राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के सभी प्रश्नों के सटीक और संतुलित उत्तर होते थे। देश-विदेश के पत्रकारो और प्रश्नकर्त्ताओ के साथ उनकी बातचीत इसका प्रमाण है।

एक विदेशी संवाददाता ने इन्दिरा जी से मिलने के बाद लिखा था—प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी किसी मोहक पहेली की तरह लगती हैं, जिसे देखकर दुनिया भर के अखबार और संवाददाता विस्मित रहते हैं।

अमेरिका के यूनाइटेड प्रेस इन्टरनेशनल ने दुनिया भर मे एक सर्वे कराया था और श्रीमती इन्दिरा गांधी को नारीत्व की कमियों पर विजय प्राप्त करने वाली और विश्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण महिला घोषित किया था।

भारत के राष्ट्रपति ने उन्हें 'भारत रत्न' से अलंकृत किया था। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के सम्बन्धो को शिमला समझौते मे एक नये अध्याय का स्वरूप प्रदान किया और दुनिया भर के देशो को हथियारों की होड़ के प्रति गहरी चिन्ता का अहसास कराया।

श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपने प्रधान मन्त्री-काल में राष्ट्र को नई ऊंचाईयो पर पहुंचाया। निर्गुट सम्मेलन, कामनवेल्थ मीटिंग, एशियाड 82, एस०एल०वी०—3, अंतरिक्ष में पहले भारतीय की यात्रा, अंटार्कटिका अभियान उन अनेक महत्वपूर्ण उपलार्ब्धियो मे से कुछ हैं जो सम्मान के साथ सारी दुनिया मे याद की जाती है।

बैंकों का राष्ट्रीयकरण, भूमिसुधार, ग्राम सुधार, पोकरण में आणविक विस्फोट, अन्तरिक्ष में उपग्रह की स्थापना, बीस सूत्रीय कार्यक्रम श्रीमती इन्दिरा गांधी के अमर स्मारक हैं।

श्रीमती इन्दिरा गांधी केवल राजनीतिज्ञ ही नहीं थीं बल्कि उन्हे कला, संस्कृति और शिक्षा से भी गहरा लगाव था। इस क्षेत्र में भी उन्होने भारत को गौरव प्रदान किया।

इन्दिरा जी के रूप में भारत को बहुत लम्बे अन्तराल के बाद एक दूरदर्शी, साहसिक और कर्त्तव्यनिष्ठ आदर्श भारतीय नारी मिली थी। वह दुबली-पतली दीपशिखा की भांति हर अंधेरे के बीच जगमग थीं। पर सदा की तरह मौत के अन्धेरे

ने हमसे वह शिखा छीन ली।

* * *

काल सत्य है। समय सत्य है। जीवन सत्य है। मृत्यु सत्य है। जो भी जन्म लेता है, उसे एक दिन उस परम सत्य को पाना ही होता है। लेकिन मृत्यु से परे जो जन-जन मे जीवित रहता है, उसका सत्य, उसका यश कभी नष्ट नही होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी का भौतिक शरीर तो निष्प्राण हो गया, पर उनके कार्यो और देश प्रेम की सुगन्ध कभी निष्प्राण नहीं होगी।

कला का महत्व जीवन को कलात्मक बनाने में है

कपिला वात्स्यायन

एक बार श्रीमती गांधी से एक प्रश्न किया गया कि आज का भारत दो संस्कृतियो – भारत और पश्चिमी संस्कृतियों के संगम का प्रतिनिधित्व करता हुआ दिखाई पड़ता है। किस सीमा तक पश्चिम की संस्कृति भारत की संस्कृति की बुनियादी मान्यताओ को प्रभावित करती रही है अथवा वह किस सीमा तक इसके संवर्धन का साधन या औजार बनी हुई है? उनसे यह भी पूछा गया कि क्या इन दोनों संस्कृतियों मे द्वद्व रहेगा या कि एक नई संस्कृति के जन्म की संभावना है? श्रीमती गांधी ने जो उत्तर दिया, वह इतना महत्वपूर्ण है कि उससे संस्कृति और कला के प्रति उनकी दृष्टि का पता चलता है और यह भी कि किन-किन मूल्यों को सामने रखते हुए उन्होंने कार्य किया। उनके उत्तर में हमें उनके कृतीत्व और उनके कार्य पक्ष के दर्शन होते हैं। उन्होंने उत्तर दिया था कि जिस सभ्यता के तीन हजार वर्ष तक अपनी विशिष्टता को बनाए रखने की मान्यता हो, उसे अन्य सभ्यताओं से कोई डर नहीं। अपने लंबे इतिहास में भारत को अनेक आक्रमणों का मुकाबला करना पड़ा। संभवतः किसी भी देश पर इतने अधिक विविध, जाति या भाषा संबंधी, सांस्कृतिक प्रभाव नही पड़े होंगे। फिर भी भारत इतना सशक्त रहा कि उसने सब विदेशी प्रभावो को अंगीकार कर उन्हें भारतीय बना डाला। उसके परिणामस्वरूप जो वस्तु सामने आई वह निर्विवाद रूप से भारतीय थी और हम सब लोगो में यह भारतीयता गहराई से बैठी हुई है। इंदिरा गांधी के ये शब्द उनके कार्य और उनके सिद्धान्तों, को बार-बार हमारे सामने प्रस्तुत करते हैं। शायद जब से उन्होंने होश संभाला, तब से वह संस्कार जो एक परिवार का संस्कार था, उनके व्यक्तित्व में संस्कृति बनकर रह गया। उनके पास परिष्कृत रहन-सहन, एक परिष्कृत दृष्टि और भाषा थी। और जब वह समाज और राष्ट्र-कार्य में आईं, तो अपने साथ एक बहुत सूक्ष्म दृष्टि और इस प्रकार की संभावना लेकर आई, जो कलात्मक थी। शायद विश्व-भारती में रहने, और उसके पश्चात आक्सफोर्ड और स्विट्जरलैण्ड में अध्ययन करने और इतने बुद्धिजीवियो के साथ सम्पर्क और अपने पिता से मिली धरोहर के रूप में जो उन्होने पाया था, वह उनकी भाषा मे बार-बार मुखरित होता था। अनेक स्तरो पर उनका आग्रह यह रहा कि परम्परा और आधुनिकता में परस्पर द्वंद्व नहीं है। इसी प्रकार गांधीजी और जवाहर लाल नेहरू की तरह उनकी मान्यता थी कि अतर्राष्ट्रीय केवल वह हो सकता है, जो राष्ट्रीय हो। वह हमेशा ही यह मानती थी कि इस देश की कला एक विशिष्ट कला तभी हो सकती है, जब वह

अपने में सब चीजो को संजो ले और समग्र होकर फिर से एक विशिष्ट तरह से अभिव्यक्त हो सके। इसीलिए संस्कृति और कला को श्रीमती गांधी की सबसे बड़ी देन यह थी कि उन्होने इस देश को यह बताया कि यहां की जो संस्कृति है वह केवल संस्कृत भाषा या राजा-महाराजाओ के आश्रयो मे पनपी परिष्कृत कला ही नही है, वरन वह गावों में है, वह आदिवासियो के घरो मे है, इस देश की जिन जातियो को अशिक्षित और अनपढ़ माना जाता है, सस्कृति वहा है और इसलिए उनका सबसे पहला कार्य स्वतंत्रता के उपरांत लोक कलाओ को बढावा देना था जिसे हम लोगऐसे सहज भाव से देख जाते है और नही जानते कि उसके पीछे किसका आग्रह था। यह श्रीमती गांधीका आग्रह था कि आदिवासी और ग्रामीण टोलियो को सामने रखा जाए ताकि जो नगरवासी है उसकी आंख खुले कि किस धरती पर वह खड़ा है और उसकी परिष्कृत संस्कृति की बुनियाद कहां है? लेकिन उनका आग्रह संस्कृति और कला के स्तर मे ही नही था, वह बहुत व्यापक था। सुदूरवर्ती क्षेत्रो चाहे नागालैण्ड हो, चाहे मिजोरम, चाहे हिमालय, चाहे लाहौल स्पीति, पुरातत्व का कोई विषय ऐसा नहीं था, जिसपर श्रीमती गांधी की निगाह न पड़ी हो और उन्होंने बार-बार यह आग्रह न किया हो कि इनकी रक्षा करनी है। इस सम्पदा की रक्षा करने के लिए, चाहे वह ताजमहल की बात क्यो न हो, चाहे जैसलमेर को बचाने का क्यो न हो, चाहे लाहौल-स्पीति के बौद्ध विहार क्यों न हो या आर्च ही क्यों न हो, उन्होंने बार-बार यह आग्रह किया और उसके लिए धन दिया और उसी के फलस्वरूप 'इडियन नेशनल ट्रस्ट' नामक संस्था की स्थापना हुई। जब-जब, जहां-जहां संग्रहालयो की स्थापना की बात हुई, उसमे श्रीमती गांधी का हाथ रहा। भारतवर्ष में, स्वतंत्र भारत में यहां पर इस दिल्ली शहर मे कोई संग्रहालय नही था और यह उनके आग्रह का ही परिणाम था कि राष्ट्रीय सग्रहालय की स्थापना की गई। फिर आज दोनो अकादमियों और नेशनल स्कूल आफ ड्रामा की बात सहज भाव से होती है। लेकिन उसमे भी श्रीमती गांधी का ही हाथ था और अपने समय मे वह संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष रही और तब भी उनका आग्रह था कि जितना हम अधिक से अधिक लोक संगीत और लोक नृत्य का प्रदर्शन कर सके करें। इसके साथ उनका एक और बहुत महत्वपूर्ण आग्रह था और वह यह कि इन कलाओ को पिटारी मे बंद करके बिल्कुल सुरक्षित वस्तु न बना कर उसका एक प्रवाह होना चाहिए— गति होनी चाहिए। और वह स्थिति और गति का जो समन्वय था, वह श्रीमती गांधी के पूर्ण व्यक्तित्व को संजो देता है।

उनका एक और आग्रह था और वह था समग्रता पर। और इसलिए कला के विषय मे जब-जब भी उन्होंने कहा — विश्व भारती के एक दीक्षांत भाषण मे भी बार-बार उन्होंने कहा—कि कला का एक बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। लेकिन कला का स्थान महत्वपूर्ण इसलिए है कि वह जीवन को कलात्मक बना दे। जीवन और कला के पारस्परिक संबंध के विषय में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कला भी एक

ऐसा ही माध्यम है जिससे जीवन आनंदमय हो सके। पिछले वर्ष के दौरान ही उन्होने एक बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया और वह था राष्ट्रीय कला परिषद की स्थापना। कलाओ, पुरातत्व, मानव विज्ञान की संस्थाओं, अभिलेखागारो, संग्रहालयो के बीच समन्वय तथा सास्कृतिक दाय के प्रतिरक्षण कार्य के लिए जितनी भी संस्थाए है, उनको मार्ग-दर्शन देना इस परिषद का कार्य था। वह स्वयं अध्यक्ष बनी। परिषद की दो बैठके भी हुई और ऐसी आशा की जाती थी कि उससे सभी संस्थाओ को एक मार्ग-दर्शन मिलेगा। अनेक बार शोध कार्य मे भी उन्होंने बहुत विशेष रुचि ली। संस्कृति के कितने ही पक्ष है। संस्कृति और धर्म की ही बात करे। धर्म की परिभाषा और उसके स्वरूप को समझने के प्रति श्रीमती गांधी का विशेष आग्रह था और उसी प्रतीक के प्रति हम आज श्रद्धांजलि भेंट करते हैं।

एक बहुआयामी व्यक्तित्व

श्रीकांत वर्मा

इंदिरा गांधी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। पुस्तकों से उन्हें उत्कट प्रेम था। पुस्तकों में उन्हे आनंद मिलता था। हवाई जहाज पर यात्रा करते हुए, संसद मे फुरसत मिलने पर, घर में देर रात, पुस्तके वह अवश्य पढ़ती थी, कविता, चरित्रगाथाएं, मानवअनुवशिकी, समाजशास्त्र, राजनीति, चित्रकला और दर्शन से संबंधित।

उनका अध्ययन नेहरू जैसा व्यापक नही था। नेहरू को पढ़ने लिखने का जेल में बहुत वक्त मिला था। मगर जो कुछ भी वह पढ़ती, सिर्फ मनोरंजन के लिए नही होता था। पुस्तक उनके लिए अध्ययन की वस्तु थी और वह कहीं भी, हंगामे और शोर-शराबे के बीच भी पढ़ लेती थीं। पुस्तक-मेले में जाना वह कभी नही भूलती थी। और पुस्तकें खरीदना तो उनका शौक था।

1956 मे मैं दिल्ली आया था, अपनी भूमिका की तलाश में शीघ्र ही मैं दिल्ली के कला एवम् साहित्य जगत् मे कूद पड़ा। दिल्ली के कला जगत् मे अक्सर मैं इंदिरा जी को देखा करता था। चाहे वह हुसेन के चित्रों की प्रदर्शनी हो या अल्काजी का मंचन, इंदिरा जी दिखाई पड़ जाती। वह उस समय के कलाकारो और चित्रकारों को नजदीक से जानती थी। उन दिनो वह कांग्रेस अध्यक्ष नहीं थीं, घर की देखभाल और कलाओं के लिए समय मिल जाता था। मैने अनुमान किया कि विभिन्न कला रूपों के विकास में उनकी गहरी दिलचस्पी है।

इंदिरा जी का व्यक्तित्व आधुनिक था। मगर यह दिखावे की आधुनिकता नहीं थी। अपनी राष्ट्रीय परम्पराओ से वह कभी विमुख नही हुई। यह कहना अधिक सही होगा कि वह परम्परा और आधुनिकता का मिलन स्थल थी।

जितनी रुचि उनकी पश्चिमी संगीत (बॉख उनका प्रिय संगीतरचनाकार था) और चित्रकला (पिकासो, मातीस, मिरो, वैनगॉग) मे थी, उतनी ही दिलचस्पी उनकी भारतीय संगीत और लोकसंगीत कलाओं में थी। उनकी मान्यता थी कि आधुनिक कला रूपों और लोक कला रूपों मे एक अद्भुत समानता है।

1982 मे भारत भवन, भोपाल में आधुनिक एवम् आदिवासी कला के समानांतर संग्रह और प्रदर्शन से वह बहुत प्रभावित हुईं। कई जगहो पर जिक्र किया, यह तक कि कांग्रेस संसदीय पार्टी की बैठक में भी उन्होंने इस संग्रह का उल्लेख किया और आदिवासी कला तथा आधुनिक कला रूपो की समानता पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, यह समानता इस बात की परिचायक है कि कोई भी कला रूप पहले से ही, स्थित एवम् विद्यमान होता है। आधुनिक कला जिन रूपों का संधान कर रही है, वे संयोगवश नही, नियमानुसार, आदिम एवम् आदिवासी

कला में मौजूद हैं।

1966 में प्रधानमंत्री निर्वाचित होने के कुछ समय बाद श्रीमती गांधी से एक छोटे से समारोह मे मैंने इधर के साहित्य की चर्चा की। श्रीमती गांधी ने आधुनिक भारतीय साहित्य में अपनी दिलचस्पी जाहिर करते हुए कहा, "मैं अत्याधुनिक भारतीय लेखन से बहुत परिचित नहीं हूं।" इसके कुछ ही दिनों बाद उनकी सचिव का पत्र और फोन आया कि प्रधानमंत्री आधुनिक लेखको से मिलना चाहती हैं।

बताया गया था कि प्रधानमंत्री सिर्फ आध घंटे या चालीस मिनिट तक रहेंगी। मगर वह उपस्थित लेखकों से करीब दो- ढाई घंटे चर्चा करती रहीं।

महत्वपूर्ण यह था कि उन्होने लेखकों की ही जबान में लेखकों से बात की। कहीं भी उन्होंने यह अहसास नही होने दिया कि वह पहले एक राजनेता या प्रधानमंत्री है, बाद में और कुछ।

दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने उन तमाम विषयों पर बातचीत की और सवाल किए जो उन दिनो साहित्य मे प्रासंगिक माने जाते थे, या जिन पर बहस हो रही थी, मसलन, 'साहित्य और अश्लीलता', 'साहित्य और प्रतिबद्धता', 'आधुनिता और परम्परा', 'साहित्य औीर राज्याश्रय'।

अपने निवास स्थान पर हुई इस गोष्ठी से वह बहुत प्रसन्न और प्रभावित लगी। बाद मे भी दो-एक बार उन्होनेअपने सहयोगियो से इसका जिक्र किया।

यह बिल्कुल सही है कि कला की चर्चा आने पर, वह एक कलाकार की जबान बोलती थीं। वह इससे वाकिफ थीं। अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष उन्होने कलाकारों और साहित्यकारों के बीच बिताये थे।

जवाहर लाल नेहरू के साथ वह बीसवीं शताब्दी के प्रमुख बुद्धिजीवियों और लेखकों से मिलती रही थीं। अभिनेता स्वर्गीय चार्ली चैपलिन ने अपनी आत्मकथा मे इंदिरा गांधी से अपनी छोटी सी मुलाकात का जिक्र किया है। उन्होंने लिखा है— "लेडी माउन्टबैटन ने मुझे सूचित किया कि जवाहर लाल नेहरू शीघ्र ही स्विट्जरलैड आ रहे है। क्या ही अच्छा हो, मैं उनसे मिलूं। मै उनसे तथा उनकी पुत्री इंदिरा से, जो उनके साथ थीं, मिला। हम दोनो, मै और जवाहर लाल नेहरू एक कार में थे और श्रीमती गांधी दूसरी कार में। हमारी कार 70 मील की रफतार से दौड़ रही थी और उतनी ही तेजी से नेहरू के विचार। एक जगह जाकर गाड़ी रुकी और मैंने देखा नेहरू की आंखें चमकीं। उन्होंने इंदिरा गांधी को विदा दी, जो कहीं और जा रही थीं। उन्होंने एक पिता की तरह अपनी बेटी को गले से लगाते हुए कहा, 'अपना ध्यान रखना।' मैंने गौर किया, ये एक पिता के शब्द थे।"

रोमे रोलां ने भी अपनी डायरी में उनके साथ अपनी मुलाकतो का उल्लेख किया है। अभी कुछ दिन हुए जैनेन्द्र जी ने 'रोमें रोलॉ का भारत' नामक ग्रंथ प्रधान मन्त्री निवास पर आयोजित एक छोटे से समारोह में, इंदिरा जी को भेट किया।

इंदिरा जी ने कहा, "रोमां रोलां की मेरे मन में अनेक स्मृतियां है। स्विट्जरलैड मे हमारा मकान रोमां रोलां के मकान से बहुत दूर नही था। मैं छोटी थी। अक्सर अपने पिता के साथ उनसे मिलने जाया करती थी।"

हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओ में विचारधारा और साहित्य को लेकर एक लंबे अर्से से बहस होती रही है। किस हद तक विचारधारा साहित्य की बनावट मे भूमिका अदा करती हैं? क्या साहित्य का मूल्यांकन विचारधारा के आधार पर किया जाना चाहिए? क्या विचारधारा से मुक्त साहित्य अधिक दिनो तक टिक सकता है?

कितना बड़ा व्यंग्य है कि साहित्यकारो के मन में अब भी इन प्रश्नो को लेकर धुंध है। लेकिन श्रीमती गाधी के मन मे कोई भ्रम नही था, कम से कम मूल्यांकन के प्रश्न को लेकर। वह आश्वस्त थी कि विचारधारा के आधार पर मूल्यांकन संभव नही।



देश की एकता सबसे बड़ा धर्म

कमलापति त्रिपाठी

राष्ट्र की एकता के बारे मे इंदिरा जी अत्यंत दृढ़ रहा करती थीं। उनके सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह था कि राष्ट्रीय एकता किस प्रकार बचाई जाये। वह कहा करती थी कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का दूसरा क्रम अब शुरू हुआ है। हम लोगो ने स्वतंत्रता जो प्राप्त कर ली, उस स्वतंत्रता का अर्थ होना चाहिए — हमारे राष्ट्र की एकता और अक्षुण्णता बनी रहे और हमारी ऐसी प्रगति हो कि स्वतंत्रता का लाभ उन छोटे लोगों को — देश मे दूर तक दबे और दबाये हुए लोगों को — मिल सके, जो आज तक स्वतंत्रता का लाभ नहीं पा सके। इसके लिए वह राष्ट्र की एकता के लिए बराबर चेष्टा करती रहीं। मैं समझता हूं कि किसी एक व्यक्ति ने अगर राष्ट्र की एकता के लिए अपने प्राण दिये तो गांधी जी के बाद वह स्थान इंदिरा जी को मिलना चाहिए। हमारे इतिहास मे उनका यह बलिदान अमर हो गया और इसके फलस्वरूप हमारे देश की अक्षुण्णता और एकता अत्यन्त बलवती हो जाएगी, इसमें सन्देह नहीं। मैं समझता हूं कि भारत मे ऐसी शक्तियां पैदा हुई जो साम्प्रदायिक विद्वेष, क्षेत्रीयतावाद, धार्मिक कट्टरता पैदा करना चाहती हैं और असहनशीलता और आपस में विरोध उत्पन्न करने की चेष्टाएं कर रहीं है। आज आवश्यकता इस बात की है कि चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल मे हो, वास्तव मे चाहे दल राजनीतिक हो, धार्मिक अथवा कोई सामाजिक, सब का काम इस वक्त यही है कि राष्ट्र की एकता को बचाये रखने और उसकी अखंडता और अक्षुण्णता को बचाये रखने के लिए और उन आदर्शों की कार्यान्वित करने के लिए जिनके लिए इंदिरा जी ने अपने प्राण विसर्जित किये, इतना बडा बलिदान किया, उन्हे पूरा करने के लिए और उनकी रक्षा करने में अपनी सारी शक्ति लगादें।

हमारे देश के सामने धर्मनिरपेक्षता का प्रश्न एक बहुत बड़ा और जटिल प्रश्न है। इस देश में बहुत प्रकार के धर्म हैं और बहुत बड़ी आबादी है जो अपने धर्मों को मानती है, अतः इस देश में एकता लाना कोई साधारण बात नही है। गांधीजी की बहुत भारी उपलब्धि थी जो स्वराज्य की लड़ाई में उन्होने देश को एक सूत्र मे बांधा। उस समय वह कहा करते थे कि हम लोगों की सर्वधर्म समान वाली मनोवृत्ति होनी चाहिए। 'सक्युलरिज्म' के माने उनके लिए यही थे कि सब धर्मो मे समान भाव रखो, समान रूप से सबका आदर - सत्कार करो, अपने-अपने धर्म का पालन करो परन्तु दूसरे के धार्मिक मामलों मे हस्तक्षेप न करो।

यह भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन की एक मौलिक अवधारणा है। इसी की बुनियाद पर उन्होने सारे देश को एक सूत्र में आबद्ध किया और एक राष्ट्र का जन्म

हुआ। इसी कारण आज तक हम लोग गांधीजी को राष्ट्रपिता के नाम से पुकारते है।

मैंने देखा था कि इंदिरा गांधी के सामने भारत की एकता का प्रश्न सबसे बड़ा था। वह इस बात को जानती थीं कि इस एकता की स्थापना के लिए सर्वधर्म समानत्व का जो भाव गांधीजी ने दिया, वह आवश्यक है क्योकि तभी सब लोग प्रसन्नतापूर्वक इस देश मे रह सकेंगे। सब लोग अपने - अपने धर्म को मानते हुए अगर दूसरे धर्मों के प्रति आदर का भाव रखे तो कदाचित राष्ट्र अधिक से अधिक एकता के सूत्र मे आबद्ध तो रहेगा ही, उसकी उन्नति और प्रगति भी हो सकेगी और देश को गरीबी और बेकारी से निकालने का जो कार्यक्रम चल रहा है, वह सब बहुत शीघ्रतापूर्वक सम्पन्न होगा।

असल में इंदिरा जी का उस पीढ़ी से संबंध था जिस पीढ़ी ने स्वराज्य की लड़ाई मे जीवन होम किया था। उनके ऊपर गांधीजी का और जवाहर लाल नेहरू के संस्कार और उनकी परम्पराओं का बड़ा प्रभाव था। स्वय उनको धर्म के मामले में बड़ी रुचि थी। ऐसा सोचना गलत है कि धर्म से उनको कोई प्रेम नही था। अनेक बार मुझसे उन्होंने बात की थी। मुझे याद है कि एक बार इंदिरा जी ने मुझ से पूछा कि पंडित जी यह बताइये कि गायत्री का अर्थ क्या है और मैंने उनको उसका अर्थ बताया। मैंने यह भी कहा कि गायत्री एक बिल्कुल सेक्युलर मंत्र है। इसमें साम्प्रदायिकता का नाम नही है। उन्होने बड़े प्रेम से सुना और मेरी उन बातो को अपनी डायरी मे नोट कर लिया। इस तरह कभी-कभी वह धार्मिक और दार्शनिक मामलो के संबंध में मुझसे बात किया करती थी। धर्म के विषय मे उनकी रुचि थी परन्तु वह बड़ी दृढ़तापूर्वक यह मानती थी कि इस देश की एकता बनाये रखना सबसे बड़ा धर्म है। और उसके लिए गांधीजी का जो उपदेश 'धर्म समान तुम' था, वह बहुत सही था। इसी कारण उन्होने राष्ट्र की एकता के लिए धार्मिक असाम्प्रदायिकता का बहुत बड़ा प्रचार किया। मैं समझता हूं कि किसी एक व्यक्ति ने इतना बड़ा काम धार्मिक एकता के बारे में और निरपेक्षता के बारे में नही किया, जितना कि गांधीजी के बाद इंदिरा गांधी ने किया। आज भी उनके मरने के बाद इस बात की बड़ी आवश्यकता है कि राष्ट्र की एकता और अखंडता उसी प्रकार बनाए रखी जाए और बचायी जाए जैसी कि वह चाहती थी और उसके लिए आधारभूत प्रश्न यह है कि देश मे धर्म निरपेक्षता पर बल दिया जाये। मेरा ख्याल यह है कि श्रीमती गांधी ने जिन आदर्शों की स्थापना की, उन पर चलने मे ही देश का कल्याण है और मैं समझता हूं कि उनकी मृत्यु के बाद उत्पन्न स्थिति के निपटारे के लिए तो यह और भी ज्यादा जरूरी है कि धर्म निरपेक्षता का भाव तेजी के साथ देश मे फैलाया जाये। देश का हित चाहने वाला प्रत्येक कार्यकर्त्ता, चाहे वह किसी दल या पार्टी का हो, धर्म निरपेक्षता के दृष्टिकोण को अपनाने की और उसका प्रचार करने की पूरी चेष्टा करे। मैं समझता हूं कि आज सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि देश की और

हमारी एकता और अखंडता बनी रहे, देश के भीतर और बाहर ऐसी शक्तियां पैदा हो गई हैं जो इसे तोड़ने की चेष्टाएं कर रही हैं। उन चेष्टाओं का मुकाबला करने के लिए, राष्ट्र की एकता को बचाये रखने के लिए धर्म निरपेक्षता का प्रश्न एक मौलिक प्रश्न है, और उसे कार्यान्वित करने मे ही राष्ट्र का कल्याण है।

विवेकपूर्ण और न्यायोचित साझेदारी चाहिए

मृणाल पाण्डे

आज से सड़सठ वर्ष पहले आनन्दभवन मे पण्डित मोतीलाल नेहरू की पुत्रवधू ने 19 नवम्बर की सुबह एक पुत्री को जन्म दिया। सुनते हैं, समाचार पाकर गृहस्वामिनी स्वरूपरानी ने इकलौते पुत्र के घर बेटे के बजाय बेटी होने पर खिन्नता व्यक्त की – वह खिन्नता, जो शायद हिन्दुस्तान के निन्यानवे प्रतिशत घरो मे बेटी के जन्म लेने पर परिवार के लोगों द्वारा व्यक्त की जाती है। तब बच्ची के प्रबुद्ध दादा ने अपनी धर्मपत्नी को समझाते हुए कहा था – "जवाहर की यह बेटी हजारो बेटों से बढ़कर नाम कमायेगी।" मोतीलाल नेहरू की भविष्यवाणी अक्षरशः सच निकली। उनकी यशस्वी पोती इन्दिरा ने न केवल पितृकुल का नाम ऊचा किया, बल्कि पूरे भारतवर्ष की महिलाओ को सिर उठाकर आत्मविश्वास से यह कहने का मौका दिया, कि हां, हमें अपने स्त्री होने पर गर्व है।

रोचक बात यह है, कि जन्म के समय की इस छोटी-सी घटना को छोड़कर इन्दिराजी की पूरी परवरिश ऐसी रही कि कहीं भी उन्हे अपने स्त्रीत्व को एक हीन स्थिति के रूप मे देखने की जरूरत नही हुई। एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने मुझसे कहा था कि 'घर पर मुझे कभी भी अपने लड़की होने का अहसास नही दिलाया गया। अपने चचेरे, ममेरे भाइयों की ही तरह मुझे पढ़ने, लिखने, दौड़-भाग करने और घूमने – फिरने की पूरी आजादी दी गई, बल्कि कुछ मायनो में मैं उनसे भी ज्यादा स्वतंत्र थी।'

शायद यही वजह थी कि श्रीमती गांधी, वयस्क होने पर, हिन्दुस्तान की औसत स्त्री की असहायता, पिछडेपन और समाज में उसकी हीन स्थिति को एक गहरी तटस्थता से देख कर उसके सही विश्लेषण और उपचार की व्यवस्था कर पाईं। उनकी तटस्थता का मतलब यह नही था कि वह सामान्य स्त्रियो की ओर से उदासीन रही। बारह वर्ष की उम्र में बच्चो की बानर सेना बनाकर स्वतंत्रता की चिंता करने से लेकर प्रधानमंत्री बनने से पहले तक वह समाज तथा बाल-कल्याण के कार्यो से जुड़ी रही।

श्रीमती गांधी की राय में औसत भारतीय स्त्री की समस्या अपने आप मे एक विशिष्ट समस्या नहीं, बल्कि देश की दो मुख्य समस्याओ——— यानी गरीबी और अशिक्षा से गहराई से जुड़ी है। हमारे समाज में चूंकि स्त्री और बच्चों की स्थिति सबसे निचले दर्जे की रही है – किसी भी राष्ट्रीय संकट, चाहे वह युद्ध हो या बाढ़, सूखा हो या महामारी, इन सबका सबसे बुरा असर उन्ही पर पड़ता है,

इसलिए स्त्रियों की समस्याओ को पूरी तरह और लम्बे समय तक के लिए सुलझाना हो, तो उनकी समस्याओ को बाकी समाज की समस्याओं से अलग करके नही, बल्कि उनसे जोड़ कर ही सुलझाया जा सकेगा।

कुछ उग्र नारी मुक्ति संगठनों का कहना था कि श्रीमती गांधी ने स्त्री होते हुए भी स्त्रियों के लिए अपने कार्यकाल में कुछ 'खास' क्यो नही किया। पर संयत स्वभाव की श्रीमती गांधी ने 'फेमिनिस्ट' या इस किस्म के उग्र तेवरो-नारों से अपने को हमेशा दूर रखा। वह मानती थी कि स्त्री और बच्चो को परिवार से अलग इकाई मानकर हम अगर उनकी विशेष समस्या को सुलझा भी दें, तो ज्यों ही वे वापस समाज और परिवार मे जाएगी, समस्या फिर वैसी ही हो जाएगी। उदाहरण के लिए वह दहेज-विरोधी कानूनों के बारे में हमेशा कहती रही, कि सिर्फ कानून बदलने से ही यह समस्या हल नही होगी, घर-परिवार और पड़ोसियों को पहले स्त्री को सम्मान और सुरक्षा देनी होगी। समाज के भीतर कानून नागरिक की मदद तो कर सकता है, पर पारिवारिक सुरक्षा का पर्याय कभी नहीं बन सकता।

प्रचार माध्यमों मे औसतन,श्रीमती गांधी की छवि एक ऐसी लौह-महिला की, रही, जो स्त्री सुलभ कोमलता और ममता का कम और एक तर्क प्रबल, हठीली दृढ़ ता का प्रतीक अधिक थी। पर वास्तव मे ऐसा नही था। श्रीमती गांधी से लम्बे अर्से से परिचित हर व्यक्ति जानता था, कि उनके व्यक्तित्व के कई पहलू थे, जो स्थिति-विशेष पर ही सामने आते थे। जहां उनमें एक ओर पुरुषोचित दृढ़ता और प्रखरता थी, वहीं स्त्रीसुलभ ममता और सौन्दर्य प्रेम भी कम नही था। किसी भी किस्म के फूहड़पन से उन्हे सख्त नफरत थी, चाहे वह पोशाक का हो, या बातचीत का। एक साक्षात्कार के दौरान जब मैने उनसे पूछा कि क्या वह स्त्रियो के घर के बाहर काम करने के पक्ष में है, तो कुछ अचरज से उन्होने कहा, "क्यों नही, बल्कि बाहर काम करना हर स्त्री के लिए बहुत जरूरी है।" उनका दृढ़ विश्वास था कि इससे परिवार मे तनाव नही बढ़ेगा। असली बात ठीक से अपना समय नियोजित करने की है। जो स्त्री घर ठीक से चला सकती है, दफ्तर भी उतने ही करीने से चला सकती है, और जो ठीक से बाहरी काम नही कर पाती, वह घर के क्षेत्र मे भी असफल रहती है।

श्रीमती गांधी स्त्रियों के लिए किसी भी किस्म के ऊपरी आरक्षण का हमेशा विरोध करती थी। उनका कहना था कि स्त्रियो मे जो प्रतिभा और गुण – अवगुण है, वे औसतन पुरुषों के ही समकक्ष हैं। ऊपरी आरक्षण एक ओर तो स्त्रियो मे दुर्बलताओ को बढ़ावा देगा, और दूसरी ओर उनके सच्चे गुणो को गौण बना देगा। यहां वह स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाली उन स्त्रियों का हवाला देती थीं, जिन्होने सदियो के पर्दे और अशिक्षा को त्यागकर रातो रात पुरुषों के साथ पुरुषो की ही तरह स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, और स्त्रियों के बारे में कई तरह के भ्रम और अंध विश्वास हटाने मे कामयाब रही।

इन्ही सब कारणों से अगर हम स्त्रियों और बच्चों के विकास के प्रति श्रीमती गांधी का सही योगदान और उसका महत्व जानना चाहे, तो हमें उसे उनके नेतृत्व में देश और समाज के बहुमुखी विकास के संदर्भों में ही देखना होगा। स्त्रियों और बच्चों के कल्याण के क्षेत्र में मूलतः कई बातो का असर पिछले सत्रह वर्षों मे हमारे देश में सर्वाधिक पड़ा है— हरित क्रान्ति, जिसने अधिक अन्न उत्पादन से देश को 'सुजलां सुफलां शस्यश्यामलां' होने का सच्चा गौरव दिया, श्वेत क्रान्ति, जिसने अधिक दुग्ध उत्पादन के द्वारा न केवल उपभोक्ताओं की, बल्कि दूध उत्पादकों की आर्थिक स्थिति में भी गहरा सुधार किया, विज्ञान के क्षेत्र में अन्तरिक्ष यात्रा और ध्रुव प्रदेश की खोजपूर्ण यात्राएं, ध्रुव प्रदेश की यात्रा का गौरव पुरुषों के साथ महिला वैज्ञानिकों को भी मिला, और परिवार कल्याण तथा नियोजन सम्बन्धी कामों में तेजी, जिससे औरतों और बच्चों के स्वास्थ्य कल्याण के क्षेत्र में बहुत कुछ संभव हो पाया।

गौर से देखें, तो इन सारी सफलताओं से महिलाओं और बच्चो को जो दूरगामी फायदे हुए हैं, वे उन फायदों से कहीं अधिक ठोस और स्थायी है जो मात्र आरक्षण या ऊपरी सुधार दे पाते।

यह सच है कि इन्दिरा जी एक महिला थी, पर उससे पहले वह एक गरीब और पिछड़े देश की प्रधानमंत्री भी थीं। इसीलिए गरीब समाज के किसी भी वर्ग या जाति-विशेष को दूसरों की अपेक्षा विशेष अधिकार अथवा बढ़ावा देना उनकी नजरों में कतई अनुचित था। पर खुद अपने स्त्रीत्व को उन्होंने कभी भी हीनता का प्रतीक नहीं माना। इसीलिए विश्व-भर मे उन्हें जहां एक उच्च कोटि के राजनीतिज्ञ की पटुता और चतुराई से जोड़ा गया, वही अपनी स्त्रियोचित गरिमा, शालीनता और मैत्रीपूर्ण सद्व्यवहार के लिए भी वह अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्रों मे चर्चित रही। उन्होंने विश्व-भर में सिद्ध कर दिखाया कि सही मायनो में स्त्री होना हीनता की बात नही, एक गरिमा, शक्ति और सहज सौन्दर्यमय स्थिति है। और देश तथा समाज में स्त्री को मात्र करुणा या दयापूर्ण सामंती आरक्षण नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण और न्यायोचित प्रजातांत्रिक साझेदारी की जरूरत है। इसको स्थापित करने मे भले ही उन्हें उग्रवादी स्त्री संगठनों और प्रचार माध्यमो से कई बार भरपूर आलोचना भी मिली, पर अपने कार्यों, अपनी सार्वजनिक योजनाओ, और सबसे बढ़कर अपने व्यक्तित्व द्वारा श्रीमती इन्दिरा गांधी ने हमेशा-हमेशा के लिए इस भ्रान्ति को तोड़ दिया कि स्त्री की नियति घर की चारदीवारी मे एक मूक विवशता से घुटना-भर है। इस भ्रांति को तोड़ने और पूरे परिवार के साथ सही तरह सर्वमुखी प्रगति का अवसर देने के लिए भारत की स्त्रियां उन्हें हमेशा अपनी सच्ची नेत्री के रूप में याद करेंगी।

रूपक

मोती सबकी आंख का

रमानाथ अवस्थी

एक मोती सीपी मे होता है/ और एक हम सब की आंखों में/ एक मोती किसी एक कक्ष में चमकता है/ और एक चमकता है लाखो में/ एक मोती होता है किसी दूकान में और एक हमारे/ आपके और सबके प्राण मे/ झोपड़ी से महल तक/गली से सड़क तक/ भूख से प्यास तक/ धरती से आकाश तक/ एक मोती सीपी में होता है/ और एक हम सब की आंखों में।

वाचकः सीपी में निर्मित मोती दुबारा भी प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन एक वह मोती, जो हमारी आंखो से आंसू की शक्ल में हमसे अलग होता है, वह हमें दुबारा नहीं प्राप्त होता। आंसुओ मे ढले मोती संसार में सिर्फ उनको ही सजाते है, जो आभावग्रस्त है, पिछड़े हुए है, दुःखी और दलित हैं। इसी तथ्य को महात्मा गांधी ने वाणी देते हुए कहा था कि जब तक किसी एक आंख में आंसू है, तब तक हमारी स्वतन्त्रता पूरी नहीं है बल्कि वह अधूरी है। दीन-दुखियों और दलितों की सेवा और सुख के लिए भारत में जिन महान जननेताओ ने प्रयास किए, उनमें श्रीमती इन्दिरा गांधी की सेवाएं अविस्मरणीय है।

श्रीमती गांधी (यथार्थ स्वर): हमारे लिए भारत के सभी धर्मों के लोग, सभी जातियो के लोग, सब बराबर हैं, सब भारत माता की संतान है। किसी का अपमान नही होना चाहिए। किसी को नही लगना चाहिए कि उनको अपने अधिकार नहीं मिल रहे हैं। किसी को नही लगना चाहिए कि दूसरे से कम हैं या ऊंचे है। सब संतान हैं और हमारी यही कोशिश है कि जो गरीब और अमीर के बीच में अन्तर है, उसको जल्दी से जल्दी कम करें। एकदम से हट नही सकता है, लेकिन एक-एक कदम कर के कम हो सकता है, अन्त मे अवश्य हटेगा, लेकिन तब, अगर अपने रास्ते से हम न हटें, अपनी समाजवाद की नीति से नहीं हटें और संग-संग जो अनेक दूसरे कार्य करने हैं, अपने से कमजोर लोगो को मदद करने के लिए, उनको करें।

वाचकः आप और हम सभी जानते हैं कि श्रीमती गांधी ने अपने काल में गरीबी के खिलाफ 'गरीबी हटाओ' नाम से एक आन्दोलन चलाया। इसका देशव्यापी प्रभाव हुआ। दलितों और दुखियों की जिन्दगी को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं।

श्रीमती गांधी (यथार्थ स्वर): २० सूत्री कार्यक्रम। यह कार्यक्रम विशेष कर के जो सबसे पिछड़े हुए लोग हैं, उनके लिए है। श्रमिक वर्ग के लिए भी कुछ है, छोटे किसान के लिए भी कुछ है। महिलाओ के लिए, बुनकर इत्यादि ऐसे सब लोगों

के लिए उसमें है। और खास तौर से उत्पादन बढ़ाना, सिंचाई बढ़ाना ऐसे कार्यक्रम हैं। रोजगार बढ़ायें, जो शिक्षित बेरोजगार नौजवान हैं उनके लिए नये मौके ढूंढ़ने है, देहात में या शहर मे। ये सब कार्यक्रम हैं, लेकिन उनसे जैसे लाभ उठाना चाहिए, वह आज नही हो रहा है। मदद लेने का सवाल नही है, आपको स्वयं जागरूक होना चाहिए, देखना चाहिए कि कौन कार्यक्रम आप पर लागू होता है। किससे आप लाभ उठा सकते है, किससे आप दूसरो को लाभ दे सकते हैं और खुद आपको यह जिम्मेदारी उठानी है। गुलामी की एक निशानी होती है कि लोग सरकार की तरफ हर समय् देखें। पर जहां इतनी गरीबी है वहां जाहिर है कि लोगो को मदद की जरूरत है लेकिन आहिस्ते-आहिस्ते कोशिश होनी चाहिए कि अपने पैर खड़े हों।

वाचकः अक्सर होता यह है कि समाज का सबल तबका सरकार से औरो की अपेक्षा अधिक लाभ लेने की कोशिश बराबर करता है, लेकिन जब सरकार का ध्यान देश के सभी निवासियों पर बराबर होता है, तो देश का सबल तबका मनमाना फायदा नहीं उठा पाता। इन्दिरा जी को देश के गरीब तबके का ध्यान अधिक था।

श्रीमती गांधी (यथार्थ स्वर): मांगें तो हमेशा रहेंगी और बढेगी। हमको यह देखना है कि वे सम्पन्न, जो दूसरों से ज्यादा अच्छी हालत मे हैं, उनकी मांगें पूरा करने से कही जो गरीब हैं, दबे हुए लोग है, कमजोर हैं, किसी कारण उनकी मांगे, पीछे न पड़ जाएं। कही उनकी कमजोरी न बढ़ जाए। क्योंकि वे भारत के गरीब हैं, वे मजबूत होगे तो सारा देश मजबूत होगा। तभी जो ज्यादा आज सम्पन्न है, वे और अपनी ताकत बढ़ा सकेंगे। और मेरी तो आशा है कि अपने स्वार्थ के लिए नही बढ़ायेंगे, देश की भलाई के लिए, अपने से कमजोर की मदद के लिए, देश को हर दिशा में आगे ले जाने के लिए। इसीलिए हमारा जोर रहा है कि कमजोर तबकों की ज्यादा से ज्यादा सहायता की जाए। बीस सूत्री कार्यक्रम का यही ध्येय था और उसके अन्तर्गत डेढ़ करोड़ परिवारो को अपना जीवन – स्तर थोड़ा ना-सा ऊंचा करने मे मदद की गई है।

वाचकः मदद का यह सिलसिला आज का नही, काफी पुराना है। उदाहरण के लिए हमारे देश मे कुछ लोगों के पास जमीन बहुत थी या है, और कुछ लोगो के पास बिल्कुल नहीं है। दलित अथवा पिछड़े वर्ग के लोगो की दृष्टि से वर्षो पूर्व श्रीमती गांधी ने इस स्थिति को समझ लिया था। सन् 1970 मे उन्होंने जमीन सम्बन्धी कानून को कारगर करने के लिए यह व्यवस्था की जिनके पास जमीन नहीं है, उनके पास भी थोड़ी जमीन जरूर हो।

श्रीमती गांधी (यथार्थ स्वर): यह सच है कि कुछ लोगो के पास बहुत जमीन रही है और बहुतो के पास कम या कुछ भी नही और इसको हम किसी भी भाषा मे न्याय नहीं कह सकते। और न्याय लाना तो हमारा काम ही है। हमने कई कदम इधर

उठाये हैं जिससे कुछ राहत मिल सकती है। जो कानून अभी तक ठीक से लागू नहीं किये जा रहे थे उनको कुछ हमारी कोशिश है जो केन्द्र कर सकता है वह केन्द्र करे और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है उनको केन्द्र कोशिश कर रहा है कि जल्दी से जल्दी उनसे वह जिम्मेदारी पूरी कराये। जो कानून नहीं बने हैं वह जल्दी से जल्दी बनाने हैं। चाहे हमारे देश की आबादी इतनी बढ़ी है कि कितना भी चाहे सब को जमीन देना तो बहुत कठिन है, असम्भव भी है, लेकिन जो जमीन है और परती पड़ी है, अच्छी है, उसका किस तरह से वितरण हो, इस पर पूरा गौर हो रहा है और केवल कागज या दिमागी गौर नहीं, कार्यवाही भी हो रही है, हमारी आशा है कि यह काम और तेजी से अब होगा।

वाचकः एक दूरदर्शी, कल्पनाशील और संकल्पवान नेता होने के कारण श्रीमती गांधी में यथार्थ को सोचने और सोचकर उचित निर्णय पर पहुंचने की एक अनूठी क्षमता थी। गरीबी, पिछड़ेपन और दलितों के बारे मे उन्होंने कहा था, कि दलितों के दुखों के कारण कई हो सकते हैं, लेकिन उन कारणो में अशिक्षा एक बड़ा कारण है। इसी सोच के साथ उन्होने आधुनिक दुनिया के सन्दर्भ में बताया थाः

श्रीमती गांधीः (यथार्थ स्वर): एक नई जानकारी आती है आधुनिक दुनिया की। आजकल की दुनिया बिना विज्ञान और तकनीकी के आगे नहीं बढ़ सकती है। इसलिए हमें देखना है कि किस प्रकार से इसका ज्ञान सब तक पहुंचे। किस प्रकार से हमारे मजदूर वर्ग के बच्चो की शिक्षा और ऊंचे स्तर की हो, जिनमें वे आगे बढ़के और दूसरे काम भी कर सकें। इसके माने ये नही हैं कि इस काम को हम किसी भी तरह से नीचा मानते हैं। लेकिन कोई जरूरी नही है कि कोई एक काम उस वातावरण में पैदा हुआ तो उसी को करे। उसके लिए सब दरवाजे खुले रहने चाहिए, और जो उस दरवाजे में से आगे बढ़ने के लिए ताकत चाहिए या ज्ञान चाहिए, उसे वहां तक हमें पहुंचाने की पूरी क़ोशिश करनी चाहिए। यह हमारी हमेशा से नीति रही है और इनको हम आगे बढ़ा रहे हैं।

वाचकः तथाकथित आधुनिकता की यात्रा तो इन्दिराजी के शासन में आने के पहले ही शुरू हो गई थी। लेकिन वह अपने देश के अभावग्रस्त लोगों को बराबर बताती रहीं कि आधुनिकता का अर्थ विदेशों की नकल करना हरगिज नहीं है। आप भी सम्भवतः सहमत होंगे कि आज आधुनिकता के नाम पर प्रायः अशिक्षित वर्ग में नकल करने की अर्थहीन मनोवृत्ति बहुत जोरों से फैली हुई है।

इन्दिरा जीः (यथार्थ स्वर): आधुनिकता के माने ये नहीं हैं कि हम दूसरे देशों की नकल करे, इसके माने हैं कि अगर दूसरे देशो में कुछ अच्छा काम हुआ है, चाहे वह विज्ञान का हो, या कोई दूसरा हो तो उनसे हम सीखें। लेकिन अपने दिमाग से भी विचार निकालने हैं और जो हम बाहर से सीखें उसको आगे बढ़ाना है। अब क्या होता है कि बाहर से हम कोई विचार लेते हैं तो वही अटक जाते है। तो यह ऐसा

काम है जो किसी सरकार या हुक्म से नही होता है। हमारे नौजवानों में खुद यह भावना पैदा हो कि हमें इस देश को, कौम को, जनता को ऊपर उठाना है। छोटे - छोटे काम की अहमियत हो आपको मालूम है कि बड़ी से बड़ी मशीन हो, अगर एक छोटी-सी चीज उसमें से निकलकर गिर जाय तो वह मशीन निकम्मी हो जाती है। कुछ कहते हैं कि यह काम छोटा है, वह काम बड़ा है। लेकिन जब ये बड़े-छोटे काम मिलकर होते हैं तभी काम पूरा होता है। खाली बड़े काम से काम नही होगा। हर स्तर पर उसकी जो जिम्मेदारी है, उसको निभायेगा तब जाके काम पूरा होगा।

वाचकः एक तथ्य या सत्य से हम सभी लोग अच्छी तरह परिचित हैं कि भारत की आबादी का एक अच्छा खासा हिस्सा आज तक अनेक अभावों के साथ जैसे-तैसे जीवन-यापन कर रहा है। आबादी के इसी हिस्से पर शुरू से ही हमारे सभी मान्य नेता बहुत जोर देते रहे। देश की प्रगति, ज्ञान-विज्ञान, नये सृजन, उत्पादन और नवनिर्माण के बावजूद हमारी दिवंगत प्रधानमंत्री देश के गरीब और दलित वर्ग के प्रति बहुत गम्भीर और चिन्तित थी, लेकिन निराश नही थीं।

इन्दिरा जी (यथार्थ स्वर): हमारी समस्याएं एक पहाड़ जैसी हैं, इतना ऊंचा पहाड कि हम बता ही नहीं सकते कि हम कितनी दूर चढ़े है, केवल यह देख सकते हैं कि कितनी दूर अभी और चढ़ना है। उसके लिए हमको अपनी हिम्मत बांधे रखनी है, जैसे कि आर्थिक स्थिति में कीमतों को थामना है और जो कुछ थोड़ी-बहुत कीमतें जो नहीं थम सकतीं उनको बर्दाश्त करना है। इसी तरह से हमको रोजगार अपने नौजवानों के लिए बढ़ाना है। कई रास्ते ढूंढे गये है, बहुत-से योजना के अन्तर्गत है और बहुत से उसके बाहर भी, अब नई स्कीमें बनायी गयी है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे नौजवान इन सबका लाभ उठायेंगे और इससे भी आगे ऐसा रास्ता निकालेंगे कि अपने पैरों पे खड़े हो सकें।

वाचकः इन्दिराजी पूरे हृदय से चाहती थीं कि अभावों से घिरे नर, नारी, बच्चे और नौजवान अपने पैरो पर खड़े हों, क्योंकि उन्हें यह अच्छी तरह पता था कि जब तक पिछड़ा वर्ग सक्षम नहीं होगा, तब तक देश का तन-मन और जीवन कमजोर रहेगा और कमजोरी का कारण कुछ भी हो, अन्ततः वह किसी भी राष्ट्र और समाज को चैन से जीने नही देती। कभी-कभी देश के कुछ लोग गरीबी के खिलाफ छिड़ी इस लड़ाई को देश के अमीरों के खिलाफ बताते थे, परन्तु श्रीमती गांधी की दृष्टि इस बारे मे बिल्कुल स्पष्ट थीः

श्रीमती गांधी (यथार्थ स्वर): जो लड़ाई इस वक्त है, वह किसी के खिलाफ नहीं है। कुछ लोग कहते हैं कि यह अमीरों के खिलाफ है, किसी के खिलाफ नहीं है। लेकिन कुछ लोगों के पक्ष में है। हम नही चाहते हैं कि जिनके पास बहुत ज्यादा है, वे मदद करें, कि गरीबों की सहायत करें। कि जो गांधीजी ने और दूसरों ने हमारे सामने भारत का चित्र रखा था, कि आहिस्ते-आहिस्ते कुछ बराबरी आये, वह लाने

की हम कोशिश कर रहे हैं।

वाचकः एक तथ्य किसी भी बहस का तलबगार नहीं है कि जब तक देश में अशान्ति, कलह और अलगाववादी स्थितियां पनपती रहेगी, तब तक हमारी आर्थिक, सामाजिक और वैचारिक तरक्की नामुमकिन है। इन्दिराजी अपने पूरे सेवाकाल मे इस प्रश्न का हल प्राप्त करने के लिए हम सब को बहुत साफ तौर पर आगाह करती रही हैं। उनके जीते-जी अगर हम उन्हे उनके योग्य विश्वास नहीं दे सके, तो आइये, हम उनके न होने के बाद उनकी उस आकांक्षा के योग्य सिद्ध होने का संकल्प करेंः

इन्दिरा जी (यथार्थ स्वर): बहुत-सी आपसी लड़ाइयां होती हैं और जितना हम आगे बढ़ते हैं जितना दूसरों से हमारा मुकाबल होता है, उतना ही हमारे ऊपर दबाव ज्यादा आता है, और एक अन्दरूनी-सी कोशिश होती है कि कैसे आपस में लड़ें या किसी दूसरे प्रकार से हम कमजोर हो। यह केवल हमारे देश मे नहीं हो रहा है, सभी विकासशील देशो मे देखा जा रहा है। हमारे देश में स्थिति और भी गम्भीर हो जाती है, क्योंकि दुनिया के सब धर्म हैं, बहुत-सी जातियां हैं, बहुत-सी भाषाएं हैं और हरेक जगह का नियम और रस्म बिल्कुल अलग-अलग है। इसलिए और भी जरूरी है कि एकता के सन्देश को हम समझे और उसको मद्देनजर रखते हुए हम काम भी करें और आगे बढ़े और देश-सेवा भी साथ-साथ करे।

वाचकः इन्दिराजी अपनी अन्तिम सांस और अपने खून की आखिरी बूंद तक देश के लिए, केवल देश के लिए, रही। हमसे बिछुड़ने के बाद अब वह हमारी आंखों के जल-बिन्दुओं में मोती की तरह उभरती हैं, थमती हैं और आंखों से छूट जाती हैं। उस निरभ्र, पवित्र और पानीदार मोती की आब को सुरक्षित रखने के लिए, आइये, हम कोई पवित्र संकल्प लें, ताकि उनकी आत्मा शान्ति और केवल शान्ति प्राप्त कर सके।

यों तो दुनिया के समन्दर में कमी होती नहीं,
लाखों मोती हैं, मगर उस आब का मोती नहीं।

सर्वांगीण विकास का मार्ग

मुहम्मद फज़ल

इंदिरा जी की मृत्यु से सारी दुनियां को और विशेष रूप से विकासशील देशो को बहुत बड़ा धक्का लगा है। इन्दिरा जी की यह इच्छा थी कि भारतवर्ष का सिर हमेश: दुनियां के मुल्को के आगे ऊँचा रहे और अपना देश किसी पर निर्भर न रहे। देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने के लिए उन्होने सभी क्षेत्रों मे विकास के लिए देशवासियों से जो भी वायदे किए उन्हे पूरा किया। अपनी मृत्यु के कुछ ही दिन पहले इन्दिरा जी ने यह वायदा किया था कि देश की प्रगति, विकास और अखण्डता के लिए यदि वह मर भी जाएं तो उन्हें गर्व होगा और उनके खून की हर बूंद देश को मजबूत बनाने और प्रगति के रास्ते पर ले जाने मे मदद देगी। हत्यारोकी 16 गोलियों का शिकार होने के बाद उन्होने वास्तव मे अपने आपको इन आदर्शो के लिए न्यौछावर कर दिया।

आजादी के कुछ साल पहले कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया था, जिसने भारत के नियोजित विकास के लिए कई सुझाव दिए थे। आजादी मिलने के बाद उन्ही सुझावो को ध्यान मे रखते हुए 1951 मे पचवर्षीय योजनाओ के रूप मे भारत का नियोजित–विकास शुरू किया गया।

जवाहर लाल जी की तरह इन्दिरा गांधी को भी नियोजित विकास मे बहुत विश्वास था और 1966 मे उनके देश की बागडोर संभालने के पश्चात् नियोजित विकास को और भी गति और मजबूती मिली। उसी समय उन्होंने कहा था "हमें नई सीमाएं प्राप्त करनी हैं, नए क्षितिज छुने है, नए लक्ष्य पाने है"। उनके समय मे पांचवीं योजना में पांच दशमलव दो फीसदी की दर से वार्षिक बढ़ोत्तरी हुई और देश ने सभी क्षेत्रों में जोरदार प्रगति की। हमे पूरी आशा है कि छठी पंचवर्षीय योजना में भी जो मार्च, 1985 में समाप्त होगी यह बढ़ोत्तरी बढ़कर साढ़े पांच फीसदी के करीब होगी। पिछले कुछ वर्षो में विकास-दर में इतनी बढ़ोत्तरी संसार के बहुत कम देशों मे हुई है।

उन्ही के जमाने मे कृषि के क्षेत्र में हमने बहुत तरक्की की। अनाज के उत्पादन में हम अपने आप में निर्भर हो गए हैं और आज हमारा देश संसार के उन गिने-चुने देशो मे है जो अनाज के मामले मे किसी और देश की सहायता नही लेता है।

इसी प्रकार उद्योग के क्षेत्र में भी देश काफी आगे बढ़ा है। स्वतंत्रता के पहले हमें सुई और धागा भी बाहर के मुल्कों से मंगाना पड़ता था, परन्तु अब लोहे और इस्पात की फैक्ट्रियों पेट्रोल के कारखाने, फर्टिलाइजर और बहुत सी फैक्ट्रियों और

कारखानो के लिए मशीने और पुर्जे हम अपने देश में बना लेते हैं। साथ ही साथ तकनीकी और विज्ञान के क्षेत्र मे भी काफी तरक्की हुई है। परमाणु और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत ने काफी उन्नति की है और इसकी गिनती दुनिया के सबसे ऊंचे आठ-दस देशो में की जाती है। इस क्षेत्र मे प्रगति के कारण हमे कृषि, विज्ञान, मौसम और संचार के क्षेत्रो में काफी सहायता मिलेगी।

देश की रक्षा के लिए नौसेना, वायु सेना और थल सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाले हथियार, हवाई जहाज, पानी के जहाज, पनडुब्बियां, टैंक और मशीनगन आदि अब हम खुद ही अपने देश में बना सकते हैं। यही कारण है कि देश ने कई बार बाहरी हमलों को नाकाम कर दिया।

देश के नियोजित विकास के तहत इन्दिरा गांधी ने 20-सूत्री कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम से जहां अन्य क्षेत्रो के विकास पर बल दिया गया वहां अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियो, पिछड़े वर्गों और महिलाओं के विकास को भी अहमियत दी गई है। इस संबंध मे उनके ये शब्द बहुत ही महत्वपूर्ण हैं– **"हम शांति चाहते हैं क्योंकि हमे एक और लड़ाई लड़नी है – गरीबी, रोग और अज्ञान के खिलाफ लड़ाई। काम, अन्न, कपड़ा और मकान, स्वास्थय और शिक्षा के अपने वादों को हमें पूरा करना है। हमारे देश के कमजोर और पिछड़े वर्ग को जिसे सामाजिक सुरक्षा की अधिक जरूरत है, मैं सबसे महत्वपूर्ण मानती हूँ।"** इसी का परिणाम है कि देश के आधे से ज्यादा गांवो में बिजली पहुँच गई है, खेतों की सिंचाई का सही प्रबन्ध किया गया है। अब लोगो के चेहरो पर उत्साह और आशा की झलक स्पष्ट दिखाई देती है।

स्वतंत्रता और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं

जयप्रकाश भारती

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू कहा करते थे– "भविष्य विज्ञान का है और उनका है जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को अधिक से अधिक अपना लेगे।"

नेहरू जी ने अपने इसी कथन के अनुरूप स्वाधीन भारत को वैज्ञानिक आधार दिया। उन्होंने देश के हर हिस्से में वैज्ञानिक अनुसंधानशालाएं और राष्ट्रीय प्रयोगशालाएं शुरू कराईं। अनेक बड़े कारखानों, उद्योगो तथा बांधों की नीव रखी। नेहरू जी ने राष्ट्रीय विकास के लिए विज्ञान तथा तकनीकी को भरपूर प्रोत्साहन दिया।

अगर नेहरूजी ने देश में विज्ञान का आधार स्थापित किया था, तो श्रीमती गांधी ने उस आधार पर एक भव्य तथा विशाल भवन का निर्माण किया। वह जब देश की प्रधानमंत्री बनी तो उनके बारे में अनेक शंकाएं प्रकट की गई। लेकिन शीघ्र ही, उन्होंने अपने बहु आयामी व्यक्तित्व और सूझबूझ से ऐसे सभी आलोचकों के मुंह बंद कर दिए। इंदिरा जी ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अध्ययन पर जोर दिया और विज्ञान की विविध शाखाओं में अध्ययन, अनुसंधान और अनुसंधानों के परिणाम लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेषज्ञों के विभागों की स्थापना की। वह कहा करती थीं "हम ऐसे भारत का सपना देखते रहे हैं, जहां सब सुखी होगे – ऐसा तभी संभव है जब हम विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के ज्ञान में अधिक से अधिक आत्मनिर्भरता ला सकें।"

जहां एक ओर श्रीमती इंदिरा गांधी राजनीतिक तथा सामाजिक समस्याओं से जूझती रहीं वहीं दूसरी ओर वह देश को विज्ञान तथा तकनीकी क्षेत्र में नई मंजिलो की ओर बढ़ाती रहीं। उनके शासन-काल में जो उपलब्धियां इन क्षेत्रों मे हुईं, उनमें से कुछ तो ऐसी हैं जिन्होंने चकाचौंध पैदा कर दी और सारी दुनियां देखती ही रह गई। इनमें पोकरण का परमाणु विस्फोट, सागर-अनुसंधान और तेल की प्राप्ति, हरित क्रान्ति, प्रथम भारतीय उपग्रह का प्रक्षेपण तथा भारत के प्रथम अन्तरिक्ष यात्री की उड़ान आदि का सहज ही उल्लेख किया जा सकता है।

लेकिन 'इंदिरा युग' में विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में जो प्रगति हुई है, उसे शब्दों मे बांधना आसान नहीं है। आज हमारे देश में वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान-प्राप्त व्यक्तियों की संख्या इतनी है कि विश्व में हमारा तीसरा स्थान है। यदि दुनिया के बड़े औद्योगिक देशो की सूची तैयार की जाए, तो भारत आठवें स्थान पर आता है।

हमारा देश दुनिया के उन पांच देशों में से एक है, जो उच्च तकनीकी उत्पाद तैयार करते है। इतना ही नहीं, भारत मे अन्न का उत्पादन तिगुना होने लगा है और अब हम आत्मनिर्भर हो गए हैं। इससे भी आगे, यह कहा जा सकता है कि भारत अनेक उद्योगो की प्रौद्योगिकी और मशीनो का निर्यात करने की स्थिति मे आ गया है। गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और पंजाब जैसे राज्यों की औद्योगिक गतिविधियों को देखकर कोई भी उनकी तुलना पश्चिम के उन्नत औद्योगिक देशों से करना चाहेगा।

हमारे देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के जानकारों की संख्या 25 लाख है। इनमें अब हर वर्ष डेढ़ लाख वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी विदों की बढ़ोत्तरी हो जाती है इसका कारण है देश मे 130 विश्वविद्यालय, 153 इंजीनियरिंग कालेज, पांच तकनीकी संस्थान यानी आई०आई०टी० तथा आविष्कार एवं विकास से सम्बन्ध 180 प्रयोगशालाएं।प्रयोगशालाएं विभिन्न संगठनों के अन्तर्गत है, यथा – भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद आदि।

सन 1971 में श्रीमती इंदिरा गांधी ने सबसे पहले विज्ञान और टैक्नोलॉजी विभाग की स्थापना की, जिसका उद्देश्य ही यह था कि देश में विज्ञान और तकनीकी का विस्तार हो, उसे भरपूर प्रोत्साहन मिले और नए-नए क्षेत्रों मे अनुसंधान हो सके। उसके बाद विस्तार होने पर केन्द्रीय सरकार में कई अन्य मंत्रालय भी जोड़े गए। प्रधानमंत्री के व्यस्त पद पर रहते हुए भी इंदिरा गांधी विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विविध शाखाओं में सीधी रुचि लेती थीं – शायद इसीलिए परमाणु ऊर्जा, अन्तरिक्ष, पर्यावरण, विज्ञान एवं तकनीकी और इलैक्ट्रानिकी विभाग उन्होंने अपने पास रखे। वैज्ञानिकों को प्रेरणा, प्रोत्साहन और सम्मान देने में उन्होंने कोई कसर नहीं उठा रखी थी। जब भी कोई महत्वपूर्ण अवसर हुआ या उपलब्धि हुई, अपनी सारी व्यस्तता के बावजूद वह वहां स्वयं उपस्थित हो जातीं।

अप्रैल, 1975 में भारत का पहला उपग्रह 'आर्यभट्ट' छोड़ा गया। इस उपग्रह का डिजाइन और निर्माण युवा भारतीय वैज्ञानिकों ने किया था। सफल प्रक्षेपण के बाद, दो वैज्ञानिकों – डाक्टर शिवप्रसाद कोस्टा और प्रोफेसर उडिपि रामचन्द्र राव ने हिन्दी में 'आर्य भट्ट' पर पुस्तक लिखी। श्रीमती गांधी ने उस पुस्तक की भूमिका स्वयं लिखी। उन्होंने लिखा था "सच्ची स्वतंत्रता, स्वावलम्बन और विज्ञान एक-दूसरे के पूरक है। यदि हम यंत्र-विद्या के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहेंगे, तो भारत सच्चे माने में आजादी बनाए नहीं रख सकता। सौभाग्य से, हमारे प्रतिभाशाली वैज्ञानिको ने कई क्षेत्रो में राष्ट्र की शक्ति और कीर्ति बढ़ाई है। पिछले सालो मे शांतिपूर्ण विस्फोट किया गया और 'आर्यभट्ट' छोड़ा गया। इससे न केवल

भारत के लोगों का गौरव बढ़ा बल्कि विकासशील देशो ने हमारे वैज्ञानिकों की सूझबूझ को सराहा।

"लेकिन ये कार्यक्रम हम प्रतिष्ठा के लिए नही कर रहे। इससे हम जान सकते हैं कि खनिज भंडार कहां छिपे हैं, कैसी प्राकृतिक स्थितियां है और अपने साधनों को हम जनता की भलाई के लिए किस प्रकार उपयोग कर सकते है। इस तरह विकास के लिए तेज कदम बढ़ाए जा सकते हैं और राष्ट्र को चौकस रहने मे भी मदद मिलती है।"

श्रीमती गांधी ने पुस्तक की भूमिका ही नही लिखी, वरन पुस्तक छपने पर उसका विमोचन भी अपने निवास पर किया।

देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ सके – अपने शासन-काल के दौरान वह सदा ही इसके लिए उत्सुक और प्रयत्नशील रहीं। पिछले दिनों ही उन्होंने देशवासियों से कहा था कि औद्योगिक क्रान्ति के दौर में भारत पूरी तरह भागीदार नहीं बन पाया, किंतु तकनीकी क्रांति मे भी हम पिछड़े रह जाएं और खड़े-खड़े देखते रहें – यह नहीं हो सकता। सातवी योजना पर चर्चा के दौरान भी उन्होंने कहा था कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक लोगो को रोजगार मिले और रोटी मिले।

आज श्रीमती इंदिरा गांधी हमारे बीच नहीं हैं किंतु उनके युग में परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, अन्न उत्पादन, इलैक्ट्रानिकी, समुद्र-अनुसंधान, दक्षिणी ध्रुव पर सफल अनुसंधान तथा औषधि-अनुसंधान के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हुई हैं, उन्हें सदा याद किया जाएगा। विज्ञान और तकनीकी के बारे में उन्होंने जो विचार दिए हैं, वे हमारे वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। आधुनिक भारत में विज्ञान एवं तकनीकी विकास का इतिहास लिखते समय, इंदिरा जी आलोचक भी उनका नाम स्वर्णाक्षरों में ही लिखेंगे।

निर्बल की बल...

सुशीला रोहतगी

इंदिरा जी ने किस वर्ग के लिए क्या किया, महिलाओं के लिए क्या किया, बच्चों के लिए क्या किया, विकलांगों के लिए क्या किया, ये बहुत छोटे प्रश्न हैं? प्रश्न यह है कि उन्होंने किस के लिए क्या नहीं किया। सच पूछिए तो वह सारे भारत की मां थीं। उनकी नस-नस में देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक पीड़ा थी, व्यथा थी। लेकिन इस व्यथा से हताश होकर बैठ जाने में वह यकीन नही करती थीं।

इंदिरा गांधी के हृदय में भारत के गरीब लोगो, पिछड़े वर्गों और आदिवासियो तथा सुदूर अंचलों में रहने वाले लोगों के प्रति स्नेह और सहानुभूति का झरना बहता था। प्रधान मंत्री के रूप में या उससे पहले भी उन्होने जो कुछ सोचा और किया वह कमजोर वर्गों के हित को दृष्टि में रखते हुए ही किया।

महिलाओं की वह प्रवक्ता थीं। वह महसूस करती थी कि अगर देश को आगे बढ़ाना है तो महिलाओं को आगे लाना होगा। केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की सदस्य और उपाध्यक्षा के रूप में काम करते हुए उन्होने न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण महिलाओ के लिए अनेक कार्यक्रम आरंभ कराए। वह चाहती थी कि गांव की महिलाएं शिक्षित हो, कुछ शिल्प या उद्योग सीखे और आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनें।

वस्तुतः श्रीमती गांधी महिलाओ की विराट शक्ति से भलीभांति परिचित थीं। वह जहां एक ओर महिलाओं के सामाजिक रवैये में परिवर्तन के लिए बेचैन थीं, वही दूसरी ओर वह यह भी चाहती थी कि महिलाएं स्वयं भी परिवर्तन की वाहक बने। साथ ही उनकी यह भी स्पष्ट मान्यता थी कि भारतीय महिलाओं को उन परंपराओ, नैतिक गुणो और विचारो को बनाए रखने का प्रयत्न करना चाहिए, जिनके कारण हमारे समाज को समस्याओ से निपटने की शक्ति प्राप्त होती है। उनका कहना था कि यदि किसी वृक्ष की जड़ें काट दी जाएं तो उसका विकास नहीं हो सकता। इसलिए हमें सभ्यता की जड़ो से शक्ति प्राप्त करनी चाहिए। कितु साथ ही हमें आधुनिक विज्ञान और टैक्नोलॉजी को भी अपनाना चाहिए। इसलिए हम चाहते हैं कि हमारे देश की महिलाएं नए और पुराने के बीच सेतु बने। हम चाहते है कि वे दूसरी महिलाओं को शिक्षित करें तथा जो कुछ समय के अनुकूल नही है, उसका तिरस्कार करें।

इस प्रकार श्रीमती इंदिरा गांधी प्रत्येक समस्या को गहराई से देखती और उसका व्यावहारिक समाधान करने के लिए सुझाव देती। महिलाओ की उनमें

गहरी आस्था थी। शहर हो या गांव, गंदी बस्ती हो या दूरदराज का क्षेत्र, जहां भी इंदिरा जी जाती थी, वहां हजारो-लाखों महिलाएं उनके स्वागत और सम्मान के लिए उपस्थित रहती। वह चाहती थीं कि महिलाओं का दर्जा पुरुषो के बराबर हो। कार्य-क्षेत्र में महिलाएं पुरुषो के समान आगे बढ़ें। महिलाओं को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी ने अनेक सामाजिक कानूनो के निर्माण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संसद के पिछले सत्र मे भी दो ऐसे कानून पास हुए जिनसे महिलाओं को राहत मिलेगी। इनमें से एक है, पारिवारिक न्यायालयो की स्थापना संबंधी अधिनियम और दूसरा दहेज विरोधी अधिनियम में संशोधन। महिलाओं को समान काम के लिए समान वेतन दिलाने की वह सदा समर्थक रहीं। 20-सूत्री कार्यक्रम मे अनेक कार्यक्रम ऐसे है, जिनका लक्ष्य कमजोर वर्गो की महिलाओं को राहत पहुंचाना है।

महिलाओ से भी अधिक चिंता उन्हें बच्चों की थी। वह जानती थी कि भविष्य मै हमारे देश की बागडोर बच्चों को संभालनी है। यदि बच्चे स्वस्थ, शिक्षित और गुणवान नहीं होंगे तो राष्ट्र का भविष्य कभी उज्ज्वल नही हो सकता।

श्रीमती इंदिरा गांधी ने बाल कल्याण की अनेक योजनाएं बनाईं और उन्हे प्रोत्साहन दिया। 'बाल भवन', 'भारतीय बाल कल्याण परिषद्' और 'बाल सहयोग' जैसी अनेक संस्थाओ की अध्यक्षा के रूप मे उन्होंने बाल कल्याण कार्य का मार्गदर्शन किया। बाल भवनो के संबंध में उन्होंने अपने विचार बहुत ही स्पष्ट रूप से व्यक्त किए थे। उन्होंने कहा था कि बाल भवनों में नाटक, संगीत, भारतीय कला-कौशल फोटोग्राफी, लकड़ी का काम आदि सभी तरह के कामों मे बच्चे अपनी रुचि के अनुसार भाग लें। वे फिल्में देखें, वाद-विवाद में भाग ले ताकि उनकी प्रतिभाओं का विकास हो सके।

श्रीमती इंदिरा गांधी शहरों के बच्चों के लिए ही नहीं, गांवों के बच्चों के लिए भी उतनी ही चिंतित थीं। केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण बच्चों के लिए बाल वाड़ियों के विकास में उनका योगदान सर्वविदित है। राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्डो की अध्यक्षाओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने एक बार कहा था, "हम सब ग्रामीण बच्चो की समस्याओं से अच्छी तरह परिचित हैं। हम जानते हैं कि इन बच्चों की समस्याओ में सुधार लाने के लिए हमें इस दिशा में बहुत कुछ करना है। बाल विवाह और छूआछूत विरोधी कानून हमारे देश में मौजूद हैं। हमें इन कानूनों का पालन करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता इस के लिए प्रयत्न करें।"

अपराधी बच्चों के संबंध में उनकी धारणा स्पष्ट थी। वह मानती थीं कि कोई भी बच्चा जन्म से अपराधी नहीं होता। सामाजिक वातावरण ही उसे अपराधी बनाता है। ऐसे बच्चों को यदि समुचित मार्गदर्शन, शिक्षा एवं प्रशिक्षण दिया जाए

तो वे देश के उत्तरदायी नागरिक बन सकते हैं। इसके लिए उन्होंने स्वयं दिल्ली में "बाल सहयोग" नामक संस्था की स्थापना करवाई और पथभ्रष्ट बच्चों के सुधार की दिशा में नई दिशा दी। ग्रामीण बच्चों के लिए समन्वित बाल विकास सेवाओं के कार्यक्रम को श्रीमती इंदिरा गांधी ने समर्थन दिया। आदिवासी और अनुसूचित जातियों के बच्चों को आगे बढ़ाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुमानित आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में हर 10वां व्यक्ति किसी न किसी प्रकार विकलांगता से ग्रस्त है। हमारा देश विकलांगो की देख-रेख, शिक्षा पुनर्वास के लिए प्रारंभ से ही प्रयत्नशील रहा है और सैकड़ों सरकारी तथा गैर सरकारी संगठन विकलांगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। श्रीमती इंदिरा गांधी विकलांगों की समस्याओं से पूरी तरह परिचित थीं। उन्होंने राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सभी स्तरों पर विकलांगों के लिए काम करने वाली संस्थाओ को सहयोग और समर्थन दिया।

अंतर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष 1981 का उद्घाटन करते हुए उन्होने कहा था, विकलांगों को दया नहीं सहानुभूति की जरूरत है। उन्हें दान नही अन्य मानवों की भांति अवसर और अधिकार चाहिए। श्रीमती इंदिरा गांधी के कार्यकाल में विकलांगों के कल्याण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए। उदाहरण के लिए विकलांगों के लिए छात्रवृत्तियो की संख्या दुगुनी कर दी गई। उद्योग – धधे शुरू करने के लिए विकलांगों के लिए ऋण-शर्तों को उदार बना दिया गया। समस्त सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक प्रतिष्ठानो में तीन प्रतिशत स्थान विकलांगों के लिए सुरक्षित कर दिए गए। यहां तक कि रेल-बस आदि सरकारी परिवहन मे यात्रा के संबंध में कुछ रियायतें दी गईं।

विकलांगो के प्रति श्रीमती इंदिरा गांधी के सरोकार का परिचय पिछले वर्ष की एक घटना से मिलता है। विकलांगों के कल्याण के लिए कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय संस्था "रिहैबिलिटेशन इंटरनेशनल" से सम्बद्ध संस्था "रिहैबिलिटेशन कोआर्डिनेशन इंडिया" का 1982 में गठन हुआ। मुझे उसका अध्यक्ष चुना गया। अंतर्राष्ट्रीय संस्था के पदाधिकारी भारत की तत्कालीन प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को विकलांगों के संबंध में अपनी संस्था का डा० हेरी फेंग और नार्मन एक्टन नीति संबंधी घोषणा पत्र भेंट करना चाहते थे। जब मैंने इंदिरा जी से इसकी चर्चा की तो उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। और अत्यधिक व्यस्त होने के बावजूद विकलांगों की समस्याओं पर आधे घंटे से भी अधिक चर्चा की।

इस प्रकार यदि श्रीमती गांधी को कमजोर वर्गों का मसीहा कहा जाए तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

साक्षात्कार

'मैं बहुत शरारती थी'

प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी का बचपन बहुत यादों से वाबस्ता था। इनकी बचपन की कई झलकियां उनके वालिद जवाहरलाल नेहरू के उन खतूत से मिलती हैं जो उन्होंने जेलखाने में रह कर इंदिरा जी को लिखे थे। पिछले साल **उमा चकबस्त** ने इंदिरा गांधी से उनके बचपन की यादें रेकार्ड कीं। इसका प्रसारण बाल दिवस के अवसर पर हुआ।

उमा चकबस्तः **आज की इस मुलाकात में, इंदिरा जी, मैं आपसे हिंदुस्तान की वजीरे आजम की हैसियत से नहीं बल्कि अपने प्यारे चाचा नेहरू की बेटी की हैसियत से बातचीत करना चाहती हूं। आपकी जिंदगी के वरक उलटने के साथ-साथ चाचा नेहरू की शख्सियत की भी जानकारी प्राप्त करना चाहती हूं। चाचा नेहरू को दुनिया के तमाम बच्चो से बेपनाह मोहब्बत थी तो फिर आप जो उनकी इकलौती बेटी हैं आपसे किस कदर मोहब्बत होगी, इसका तो अंदाज ही नहीं लगाया जा सकता है। आपकी परवरिश मे नेहरू जी ने खास तवज्जो दी इसलिए आम रविश से हटकर उनके खतों में, जो उन्होंने आपको बचपन में लिखे, हमें मालूम होता है कि दुनिया का वजूद कैसे हुआ, इंसान और दूसरे जानदारो ने कैसे तरक्की की, इतिहास के दौर के शुरू होने तक। इसके अलावा आलमी इतिहास की झलक इन खतों में हमें मिलती है। जब आपको ये खत मिलते थे तो उनको पढ़ते वक्त आप उकताहट महसूस करती थीं या दिलचस्पी लेती थी ?**

इंदिरा गाधीः मै जब छोटी थी तो बहुत से सवाल करती थी। क्यो है ? कैसे है ? कब हुआ , और जब भी मेरे पिताजी को वक्त मिलता था, वह उसका जवाब देते थे।

आप उनको पप्पू कहती थीं।

पापू कहती थी और वह ऐसे शुरू हुआ कि गाधी जी को हम बापू कहते थे इसी से मिलाकर किसी तरह से यह बनाया। जब मै करीब आठ बरस की थी, गर्मियों मे अपनी मां के संग मसूरी गयी थी, वह इलाहाबाद मे थे। जाने के पहले मैंने उनसे यही पूछा था कि दुनिया कैसे शुरू हुई, उसमे पहले कौन से जीव थे, क्या था ? उसके जवाब मे उन्होने वह किताब लिखी—'पिता के पत्र पुत्री के नाम'। ये छपने के लिए नहीं लिखे गए थे। मै तो उन्हे बहुत दिलचस्पी से पढ़ती थी और पढ़ के उनसे बहुत बाते पूछा करती थी। बाद में जब वह जेल मे थे, लंबे अरसे के लिए, तब उन्होंने सोचा कि इसको और आगे ले जाएं इतिहास में, और ये दूसरे खत लिखे। वे खत

मुझे एक-एक करके नही मिले क्योकि जेल में ज्यादा खत नही लिख सकते थे। वह कई जेलो में रहे, कभी नैनी मे, कभी देहरादून और कभी कहीं और—वह इधर-उधर भेजे जाते थे। लेकिन खत महीने मे दो लिख सकते थे और एक जन को एक ही खत लिख सकते थे और आमतौर पर जेल से लोग एक ही खत सारे परिवार को, सारे खानदान को लिखते थे और जाहिर है उसमें वह अपनी ही खबर देते थे, बाहर की, खानदान की खबर चाहते थे। इसलिए ये खत (इदिरा जी को लिखे) बाहर आ नहीं सकते थे। यह तो कभी-कभी नाजायज तरीके से जैसे कोई मुलाकात के लिए गया, तब दे दिया या हमने कुछ सामान उनको भेजना हुआ उसमे छुपा के भेज दिया। कुछ इस तरह आए और कुछ जब वह जेल से छूटे तब बहुत बड़ी गड्डी मे आए।

आप जब नेहरू जी से मिलने जाती थीं जेल में —मैंने 'खतों' में पढ़ा है कि पंद्रह दिन में आप एक बार उनसे मिल पाती थीं और कभी-कभी ऐसा होता था कि आपकी मां दूसरी जेल मे होती थीं और मां-पिता के बीच आप मैसेंजर का काम करती थीं—उस बारे में आपको कुछ याद है?

हां, बहुत अच्छी तरह से याद है। तब इतनी छोटी तो नही थी मै और खाली उनकी नहीं क्योंकि उस वक्त तो हम लोग इतने ज्यादा आजादी की लड़ाई में फंसे थे कि हम सभी को एक ही खानदान का मानते थे। आपने शुरू मे कहा कि वह सब बच्चो से प्यार करते थे और मुझ से ज्यादा, लेकिन मेरा ख्याल है कि वह सबको बराबरी की नजर से देखते थे। चूंकि मै वहां थी, इसीलिए वह मुझे दूसरों से ज्यादा अपना नहीं समझते थे, वह सभी बच्चो को अपना समझते थे और इसी तरह से हम भी, जो दूसरे लोग जेल मे थे, उनको समझते थे कि ये हमारे ही खानदान के हैं। अगर उनसे कोई मिलने नही जा सकता था तो हम लोग मिलने जाते थे, उनके लिए खत लिखते थे। इस तरह उनकी भी खबर या संदेश एक-दूसरे को दिया करते थे।

अच्छा, इंदिरा जी, क्योकि आपके मां और बाप अक्सर जेल में रहते थे और कई बार ऐसा होता था कि आपके दादू-मोतीलाल जी—भी जेल चले जाते थे, ऐसे में आपको अकेलेपन का अहसास बहुत खटकता होगा।

नही, मुझे तो बिल्कुल याद नही कि कभी अकेलापन महसूस हुआ हो और खाली मेरे मां-बाप, दादा-दादी ही नही, मेरी नानी, मेरे मामा, पिता जी के कई चचेरे भाई-भानजे यानि हमारे परिवार से मुझे ठीक से पता नही पर कम से कम पैतालीस लोग एक वक्त मे जेल मे होंगे। हम मानते थे कि अगर जेल न जाये तब कुछ गलत बात हो रही है कि ठीक से आंदोलन में नही लगे है या मुल्क के प्रति अपना फर्ज अदा नही कर रहे है।

आप तो नेहरू जी की इकलौती बेटी थीं, इसकी वजह से उन्होंने आपकी हर ख्वाहिश पूरी की होगी लेकिन क्या कभी आपको टोकते भी थे, आपकी बेजा ख्वाहिश पर?

मुझे याद ही नहीं कि कभी मैंने कोई ख्वाहिश की हो। शायद ही मैंने कभी कोई चीज मांगी हो। खाली एक दफे मुझे घड़ी चाहिए थी और वह महंगी भी नहीं थी, लेकिन मेरे माता-पिता ने कहा कि देखो, अभी तो तुम मांग रही हो पर बहुत जल्दी ही इससे थक जाओगी और फिर यह तो फैशन है ज्यादा चलने वाला नहीं है। लेकिन मैंने बहुत जिद की तो मुझे वह मिल गयी। पर जो उन्होंने कहा था वह बिलकुल सच निकला। क्योंकि दो-तीन हफ्ते के बाद मेरा उससे मन भर गया। इससे मैंने जन्म भर के लिए एक सबक सीखा कि इस तरह की चीजें अक्सर चाहिए होती हैं—बचपन में खिलौने, बाद में चीजें—लेकिन असल में जिंदगी में इनकी बहुत कम जगह है। हां, डांट मैंने अक्सर खाई। यह किस चीज पे खाई यह मुझे इस वक्त याद नहीं।

अच्छा, इसके अलावा नेहरू जी आपको हाथ खर्च देते थे?

घर का खर्च तो मैं ही कर रही थी इसलिए वह क्या देते। वैसे भी लोग तो वहां रहते ही नहीं थे। मैं जब बहुत छोटी थी, तब ही से बाहर अकेले जाती, रेल में भी अकेले ही जाना होता था—टिकट लेने से घर संभालने तक मैं सभी कुछ खुद देखती थी। किस स्कूल में आऊंगी, क्या पढ़ंगी—यह तभी से मुझ को तय करना पड़ता था।

अच्छा नेहरू जी का गुस्सा बहुत मशहूर है। बहुत प्यारी शख्सियत थी उनकी, मगर उनको गुस्सा भी बहुत आता था। तो क्या कभी आपको भी उनका गुस्सा सहना पड़ा?

सहना पड़ा, गुस्सा हुए होंगे। लेकिन मुझ पर उसका कुछ असर नहीं पड़ता था। क्योंकि मैंने कभी उसको गुस्सा माना नहीं और असलियत में वह गुस्सा नहीं था। अंग्रेजी में उसे 'इरिटेशन' कहतेहैं, झल्लाना कि जब कोई काम ठीक नहीं कर रहा है, या कोई बेवकूफी करे, इस पर वह झल्लाते थे और वह उसी वक्त खत्म हो जाती थी। उस आदमी से, चाहे वह जो भी हो, फौरन कभी-कभी माफी भी मांग लेते थे। प्यार भी कर लेते थे। उनका तरीका था और वह चाहते थे कि काम अच्छी तरह से हो। मगर मैं जब भी उनको इस गुस्से में देखती थी तो हमेशा ठंडा कर देती थी।

अच्छा, वह कैसे? प्यार करके?

नहीं-नहीं, वह तो मौके के हिसाब से होता था, किस तरह से उस चीज को बदलें जिससे उस पर से उनका ध्यान हट जाए।

इसके अलावा, इंदिरा जी, आपकी वालदा कमला नेहरू ने जब अपने बच्चों की जो ब्रिगेड बनायी थी उसको बानर सेना का नाम दिया तो आपको बुरा नहीं लगा क्योंकि बानर जो बंदर होते हैं वे तो तोड़फोड़ के लिए मशहूर होते हैं और आप तो इतना अच्छा काम कर रही थीं।

नहीं, हम तो बहुत खुश हुए। हमारी इस वानर सेना का ध्येय क्या था? उसका मकसद क्या था? उसका मकसद था कि जो काम बड़े कर रहे हैं उसमें हम मदद करें।

वह कैसे करती थीं आप?

वानरों ने रामचंद्र जी की मदद की थी। हम भी उसी तरह देख रहे थे कि ये लोग बहुत बड़े काम में, बहुत बड़ी लड़ाई में लगे हैं। यह सब काम हम नहीं कर सकते हैं। इसलिए जो भी कर सकते हैं उतना हम करें—बंदरों ने पत्थर उठाए और ऐसे ही दूसरे काम किए। हमारे काम उमर के हिसाब से बंटे थे। जो बिल्कुल ही छोटे बच्चे थे उनसे हम अगर कभी कहीं खबर भेजनी हो तो वह काम लेते थे। दूसरे दफ्तर का काम था। जो लड़के-लड़कियां खत लिख सकते थे वे खत लिखते थे या पोस्टर बनाना हो, ऐलान के लिए कुछ लिखना हो, अखबार के लिए कुछ लिखना हो आदि। फिर जब कभी जुलूस होते तो उनमें पानी पिलाना, खाना खिलाना, किसी को चोट लगी हो तो डाक्टर के पास ले जाना, बहुत से छोटे-छोटे ऐसे काम थे जो हम करते थे। एक और काफी जरूरी काम भी हम करते थे। अक्सर पुलिस वाले थाने पर गपशप करते थे। गली के ज़ो लडके वहां धूल-मिट्टी में खेल रहे होते, उन बच्चों को बहुत-सी बाते सुनने को मिल जाती थीं—कौन गिरफ्तार होने वाला है, कहां पे तलाशी होगी, कहां पे क्या हुआ। वे इस तरह की सब खबरें हमें लाकर दे देते थे। इन्हें हम बड़ों तक पहुंचा देते थे। इसके अलावा झंडे सीना, खाना पकाना, बड़े जुलूस या मीटिंग में स्वयंसेवकों को खिलाना आदि बहुत से ऐसे काम थे जो सब इस वक्त मुझे याद भी नहीं आ रहे हैं। हां, हम जलूसों में शामिल भी होते थे।

वो आपकी वानर सेना के बारे में क्या अंग्रेजों को नहीं मालूम हुआ था?

नहीं, जब पकड़े जाते थे तो पिटते थे, हम भी पिटे हैं पुलिस थाने में।

उनको पता चल गया था कि बच्चे ये काम कर रहे हैं।

बच्चे कर रहे हैं ये पता नहीं था शायद, लेकिन अगर देखते थे कोई बच्चा पकड़ा गया, कोई खत है या पोस्टर चिपका रहा है तो फिर पकड़ के पिटाई होती थी।

'डिस्कवरी आफ इंडिया' में नेहरू जी ने लिखा है कि इस किताब को दोबारा मुताला करने का उनके पास वक्त नहीं था, और उस काम को आपने पूरा किया।

उस वक्त तो मैं काफी बड़ी हो गई थी। मैं थोड़ा बहुत उनका सेक्रेटरी का काम भी कर रही थी। टाइपिंग भी और उनके जितने खत वगैरह होते थे, उनका जवाब भी देती थी।

अच्छा, टाइपिंग जानती हैं?

अब इतनी अच्छी तो नही जानती, लेकिन कामचलाऊ तो थी ही। 'डिस्कवरी' के प्रूफ भी मैंने पढ़े और ऐसे वक्त जब मै सख्त बीमार थी। मुझे 'मम्स' हुए थे। बुखार भी बहुत तेज था और तमाम मुंह सूजा हुआ था। लेकिन उनको मालूम नहीं था क्योंकि वह कलकत्ते में थे और मै इलाहाबाद मे। वहां से वह जल्दी क्यों नही आ पा रहे हैं, बार-बार खबर भेज रहे थे।

एक बात मैं आपसे और पूछना चाहूंगी कि स्कूल में आपको टीचर जितनी तालीम देते थे उसके अलावा आप जानकारी हासिल करने की कोशिश करती थीं?

देखिए मैं तो समझती हूं कि जानकारी हर सेकेंड लोग प्राप्त करते हैं चाहे किसी से भी मिले। मैंने कभी भी किसी को छोटा या बड़ा नही माना। मेरे पिता जी की किताबों मे और खतो में भी शायद आपने देखा होगा कि उन्होंने लिखा है कि पत्थर से भी हम सीखते है, पौधो से, हर चीज से कुछ न कुछ सीख सकते हैं। हर वक्त अपनी आंख और कान खुले रखने चाहिए। और अभी भी जब मै दौरे पर जाती हूं तो दौरा तो राजनीतिक होता है, लेकिन मै खुली जीप मे खड़ी होती हूं। इस तरह एक तरफ तो मैं लोगो को देखती हूं, उनको नमस्कार करती हूं इसके साथ ही मेरी कोशिश होती है कि हरेक को देखूं अलग-अलग। यह नहीं कि एक भीड़ है, बल्कि हरेक की आंख देखूं। क्योंकि इससे एक संबंध बनता है। लेकिन साथ ही साथ मुझे मालूम है कि वहां और बहुत कुछ है, जैसे चिड़ियाएं हैं या और भी बहुत कुछ हो रहा होता है, उस सब की तस्वीर भी मेरे मन में आती है।

आप शांतिनिकेतन जब गईं तो वहां जाने से आपकी जिंदगी में कोई नया मोड़ आया?

हां, क्योंकि उसके पहले कला और सगीत का तो थोड़ा-बहुत शौक पैदा हो चुका था। हमारे घर में तो बिल्कुल संगीत नहीं था लेकिन शांति निकेतन जाने से पहले मै पूना के एक स्कूल मे थी। जिनका वह स्कूल था वह विष्णु दिगम्बर की शिष्य रह चुकी थी। खुद भी बहुत अच्छा गाती थीं। उनके संग वहां जितने अच्छे गाने के सेशन या कंसर्ट होते उन में जाया करती थी। लेकिन वह एक बाहरी चीज थी। रोजमर्रा की चीज नहीं थी। शांति निकेतन में तो ज्यादा संबंध इन सब चीजो से भी बना, रुचि भी बढ़ी। प्रकृति के भी और ज्यादा पास गए क्योकि इलाहाबाद में तो हमें मौका ही नहीं मिल पाता था। हमारे यहां हमेशा एक भीड़ रहती थी। किसानों की, बुद्धिजीवियों की, हिन्दुस्तानियों की। यद्यपि अंग्रेजो के खिलाफ आदोलन चल रहा था। फिर भी हमारे यहां अंग्रेज,फ्रांसीसी, अलग-अलग देश के विद्वान् आदि आते रहते थे।

असल में अमूमन लोगों का यह ख्याल है कि आपकी शख्सियत में जो गहराई है वह क्योंकि बचपन में आपको काफी अकेलेपन या मुश्किलात का सामना करना पड़ा, उसकी वजह से यह गहराई पैदा हुई है, इसलिए मैंने कहा था।

अकेलेपन का लोगों के व्यक्तित्व से कुछ सरोकार नहीं है। जो ताकत है वह अंदरूनी होती है। मैं भीड़ में रह कर भी बिल्कुल अकेली हो सकती हूं और अकेली रह कर भी यह जरूरी नहीं कि अकेलापन मुझे लगे।

बचपन की कुछ शरारतें आपको याद हैं?

शरारती तो मैं बहुत थी। यह शरारतें कब बंद हुई यह मुझे याद नहीं। अब इस वक्त तो मुझे कुछ खास याद नहीं आ रहा है। जब मैं बहुत छोटी थी—एकदम जब बोलना शुरू करते हैं उस वक्त का एक किस्सा मुझे याद है कि मेरी छोटी फूफी के पास कोई क्रीम थी मुंह पे लगाने की। मेरा एक भालू बहुत प्यारा खिलौना था। एक दिन ये लोग सब बाहर गए हुए थे। मैंने सोचा भालू को और सुन्दर बनाऊंगी। मुझे क्या मालूम था कि वह क्रीम किसी ने फूफी को विलायत से भेजी है। बहुत ही मंहगी क्रीम थी कोई नयी चीज। मैंने सारी अपने भालू को लगा दी। क्रीम तो गई भालू का भी बिल्कुल सत्यानाश हो गया। उसके बाल-बाल चिपक गए और वह धेने से कभी ठीक नहीं हुआ। उस पर मुझे बड़ी डांट पड़ी थी। उन्होंने डांटा, मां-बाप ने नहीं। एक बार हम गर्मियों की छुट्टियों में डलहौजी गए हुए थे। एक दिन मुझे वहां कुछ करने को नहीं था। अकेली तो मुझे इतनी छोटी उमर में शायद नहीं छोड़ा होगा। धोबी के कपड़े आए हुए थे—मैंने सोचा इनको फिर से धोऊं। वहां एक बड़ा सा टब था। सब कपड़ों के साथ मैं भी टब में बैठ गई। लोगों ने आकर मुझे निकाला।

बचपन में आपको कौन से खेल अच्छे लगते थे?

खेल तो मैंने बहुत कम वैसे खेले हैं। मुझे दौड़ने का शौक भी था और मेरे पिताजी की भी बहुत ख्वाहिश थी कि मैं अच्छा दौडूं। इसलिए मुझे हमेशा दौड़ना होता था। तेजी के अलावा किस ढंग से दौड़ना है उस पर भी उनका ध्यान जाता था। हमारे घर में तालाब था। मैं घुड़सवारी भी करती थी। पेड़ पर चढ़ने का मुझे बहुत शौक था।

गिरी भी होंगी कभी, या नहीं?

हां, एक दफे गिरी और सिर फूटते-फूटते भी बचा।

इसके अलावा ड्रामे आपने किये हैं? स्कूल में?

हां, स्कूल में जब मैं बड़ी हो गई थी तब किए हैं लेकिन मुझे शौक था ड्रामा करने का। मेरी छोटी फुफेरी बहने थीं उन पर मैं जरा जुल्म ही करती हूंगी। क्योंकि उनको जबरदस्ती पाठ सिखाती थी। कभी कभी मैं खुद ही लिखती थी और कभी कभी कहीं से ढूंढ के उनसे नाटक करवाती थी। हां बहुत बरस हुए एक दफे कश्मीरी

समाज ने इलाहाबाद में हरिश्चन्द्र नाटक किया था। उसमे हम सबने हिस्सा लिया था। मेरी छोटी फूफी ने भी और मैंने भी।

और इसके अलावा नाच-गाने का?

नाचना तो बाद में शांतिनिकेतन में सीखा गाने की आवाज तो मेरी कभी अच्छी नहीं रही और मुझे इसका बहुत अफसोस है कि मैं अच्छा नहीं गा सकती।

इंदिराजी आप टैगोर से मिलीं और गांधी जी से मिलीं—इतनी बड़ी-बड़ी शख्सियतों के बारे में आप कुछ बतायेंगी?

टैगोर को मैं पहले से नहीं जानती थी। गांधी जी को तो हम समझते थे कि ये हमारे ही हैं तो उनसे मजाक करते थे, वह भी मजाक करते थे। मैं उनसे जब छोटी थी बहुत नाराज रहती थी। मेरी शिकायत थी कि आपने (मेरी) नाक घसीट-घसीट के लंबी कर दी है। लेकिन जब मैं शुरू में (शांतिनिकेतन) गई टैगोर का कुछ रौब था। एक दफे उन्होने कहा कि—भई ये लोग मुझ से मिलने आते है तुम मिलने नही आती हो। मैंने कहा आप इतने काम में व्यस्त रहते है। मै तो आना चाहती हूं लेकिन आपका वक्त कैसे जाया करूं। उन्होंने कहा, नही आया करो। उसके बाद हम तीन-चार लड़कियां अक्सर शाम को उनके पास जाती थी और वह हर तरह की बात करते थे। इधर उधर की। कभी वह सुनाते थे, कभी हम पूछते थे।

और गांधीजी से आप का क्या झगड़ा-वगड़ा भी होता रहता था?

झगड़ा तो होता था। क्योंकि उनकी कई बातें मुझे अच्छी नहीं लगती थी।

जैसे—?

अब इस वक्त तो हरेक बात याद है नहीं लेकिन कई चीजे थी। मै कई दफे उनसे सहमत नहीं हो पाती थी।

आप तो इतनी छोटी-सी थीं?

नहीं, मुझे कभी लगा नहीं कि मैं छोटी हूं क्योंकि घर मे तो जो मै कहती थी वह चलता था। मेरे दादा से सब डरते थे सिवाय मेरे। इसके माने यह नहीं कि मै उनका आदर नहीं करती थी। आदर तो मैं आज भी बड़ों का छोटों का, सबका करती हूं। लेकिन मन में सबको बराबर देखना यह कुछ शुरू से था।

अच्छा, आप किस उम्र में सबसे पहले जेल गईं?

आजादी के आन्दोलन में तो एक ही दफे गयी। तब मेरी शादी हो चुकी थी—बयालिस में।

अच्छा, बड़ी उम्र में।

लेकिन पुलिस लॉक अप में—एक दफे थोड़ी देर को रही और सबसे पहले जब मुझे मार पड़ी मुझे याद नहीं मेरी उम्र क्या थी, लेकिन यह मेरे पूना जाने से पहले की

बात है। इलाहाबाद के कालेज में झंडा चढ़ाया जा रहा था। मैं तो खाली देखने गयी थी। लेकिन जो स्टूडेंट चढ़ा रहा था उसको पुलिस ने मारा और झंडा गिराने की कोशिश की। उसने गिरने से पहले दूसरे किसी को थमा दिया। इस तरह से एक एक करके और आखिर में क्या, बीच ही में किसी ने मेरे हाथ में थमा दिया। वह मेरे लिए इतना भारी था कि मुझ से सीधा ही नहीं रखा जा रहा था। लेकिन मुझे याद है कि मैं प्रार्थना कर ही थी कि यह मुझ से न गिरे। खैर इसी बीच किसी और ने ले लिया और फिर मुझे मार पड़ी तो मैं गिर गयी। वानर सेना के बारे में आपने पूछा था, उस समय मुझे एक बहुत बड़ा काम, जो उसने किया, याद नहीं रहा, वह था इलाहाबाद के पास गोलीकाण्ड हुआ था और उसमें कई लोग घायल हुए लेकिन तीन लड़कों को बहुत ज्यादा चोट लगी। अंग्रेजों ने डाक्टरों से कहा कि ऐसे लोगों का कोई इलाज न करें। इस पर मेरी मां वहां गयीं और हमारी मोटर मे घायलों को घर ले आईं और हमने अपने घर में छोटा अस्पताल जैसा बनाया। उन लोगों का फौरन आपरेशन किया जाना था, गोलियां निकालने के लिए। दो की गोलियां तो आसानी से निकल गयीं पर एक बहुत ज्यादा गंभीर था। उसकी तमाम अंतड़ियां बाहर निकल गयी थीं। डाक्टर ने कहा यह बच नहीं सकता। वह हमसे उम्र में थोड़ा ही बड़ा था। उस वक्त भी हमारे जो लड़के-लड़कियां थे उन्होंने दौड़ भाग के काम, जैसे दवाई लाना, कमरा साफ करना आदि में बहुत मदद की और हम दो-तीन बड़ी लड़कियां-इतनी बड़ी तो खैर नहीं थी, यही कोई तेरह-चौदह की उम्र रही होगी-हमने नर्सिंग का काम किया। यद्यपि हमें पहले से कुछ आता नहीं था लेकिन उसी वक्त हमने सीखा डाक्टर बताते थे ऐसा करो, वैसा करो। हम लगातार रात-दिन तब तक रहे जब तक कि उसकी आंख नहीं खुली। हमने कहा हम तब तक न तो खायेंगे और न यहां से हटेंगे जब तक कि वह ठीक नहीं हो जाता।

तो समाज सेवा की भावना बचपन से थी आप में।

हां, खैर वह तो लाजमी था, जिस घर में पैदा हुई, उसे देखते हुए।

नेहरू जी भारत के बच्चों को कैसा देखना चाहते थे, इंदिरा जी?

अच्छे नागरिक जो देश की, मुल्क की, एकता को मजबूत करें—जिससे हर तरह से मुल्क बढ़े। मतलब एक तो बढ़ना है कि गरीबी दूर हो यह बहुत जरूरी है लेकिन उसके संग-संग दिमाग बढ़े, नए ख्यालात आएं और हम दूसरों की नकल न करे। अपने यहां भी हम नई चीजें पैदा करें, मतलब देखने की, इस्तेमाल करने की चीजें भी और ख्यालात भी। क्योंकि मुल्क ऊंचा तो इन्हीं चीजों से होता है। किसी की नकल से ऊंचा नहीं हो सकता है। चाहे हम कितने ही अमीर हो जाएं। ये सब बातें थीं और वह समझते थे कि आगे चल कर ये बच्चे ही कर सकते हैं। हमारे जमाने में तो इतना कुछ हो नहीं पाएगा।

और इसमे आप ये नहीं समझती हैं कि जैसे आपने बताया कि आपके मां-बाप एक अच्छे साथी थे, उसी तरह से जो हमारे समाज में मां-बाप हैं, उनको भी अपने बच्चों का अच्छा साथी होना चाहिए।

जाहिर है। और दुख की बात यह है कि लोग समझते हैं कि अगर कोई औरत काम कर रही है या समाज सेवा कर रही है, तो अपने बच्चों को पर्याप्त वक्त नही दे सकती। मेरे ही बारे में लोग कहा करते थे कि बच्चों को पूरा वक्त दिया कि नहीं। लेकिन जब हम कोई काम करते हैं तो ध्यान रखते है कि हमारे पास जो वक्त है उसका अच्छा इस्तेमाल होना चाहिए, खासतौर से जब बच्चे हो। यह वक्त बच्चों का होना चाहिए या परिवार का या जो भी हो उनका। बहुत सी औरतें हैं जो कुछ काम नहीं करती हैं लेकिन उनका वक्त बच्चों का नहीं होता है। वह गपशप कर रही हैं—या घर का कुछ काम कर रहीं हैं तो बच्चों को मां बाप के होते हुए भी उतना ही अकेलापन लग सकता है। एक किस्सा याद आ रहा है। जब संजय बहुत छोटा था, किंडर्गार्टन में तो उसके एक दोस्त की मां मुझ से मिलने आयी और कहने लगीं कि आप तो सामाजिक काम में लगी हैं, आप बच्चों को इतना वक्त नही दे सकती होंगी। मै अभी सोच ही रही थी !ऊ क्या जवाब दूं कि संजय बोला आपका लड़का तो कहता है कि आप दिन भर ब्रिज खेलती हैं। आप कब वक्त देती हैं? इसलिए हरेक को खुद देखना है कि वह बच्चो के प्रति कैसे ध्यान दे सकते हैं। मगर यह भी देखना है कि बच्चे की पर्सनलिटी भी बढ़नी चाहिए—अपनी पर्सनलिटी को बच्चे पर नहीं थोपना चाहिए।

अच्छा नेहरू जी जब पहली बार नाना बने तो अमूमन यह होता है कि बच्चों को नाना-दादा ही ज्यादा 'स्पॉयल' करते हैं तो आप को कुछ याद है?

पहले तो उन्होने बच्चे को देखा ही नहीं, वह अहमदनगर फोर्ट जेल में थे। बाद में उन्होंने जब पहली दफे देखा तो नैनी जेल के फाटक पर बहुत ही टिमटिमी रोशनी में। हमने कोशिश की कि उसे बहुत ऊंचा उठाएं बत्ती के पास जिससे स्पष्ट देख सकें। असल में न तो जब मैं छोटी थी उन्होंने मुझे स्पॉयल किया न अपने नवासो को ही।

और बच्चों से उनकी क्या उम्मीद थी?

यह उम्मीद थी कि वह खुद सोचना सीखें। जैसे मैंने पहले कहा कि अच्छे नागरिक बनें। और ये नहीं कि शैतानी न करें—शैतानी तो बच्चों को करनी चाहिए लेकिन तोड़-फोड़ या जिससे दूसरे को नुकसान हो या दूसरे को चोट लगे ऐसा न करें। अक्सर बच्चे किसी में कुछ कमी हो तो उसी पर हंसते हैं। या जानवरों पर चिड़ियाघर मे पत्थर फेंकते हैं। यह सब चीजें उनको बहुत बुरी लगती थीं।

एक और पार्वती

सीतू मलिक

हाल में एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई करने में भारतीय अभियान दल को जो सफलता मिली है, उसके बारे में काफी लोग जानते हैं। विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला बछेंद्रि पाल का भी नाम बहुत से लोग जानने लगे हैं। वह इस उच्च पर्वत शिखर पर चढ़ने वाली विश्व की पांचवी महिला है। लेकिन यह बात बहुत कम लोगों को मालूम होगी कि इस ऐतिहासिक अभियान में यदि भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अंतिम क्षणों में अपनी व्यक्तिगत रुचि न दिखलाई होती, तो शायद यह दल दिल्ली से रवाना ही न हो पाता।

इंदिरा जी को अपने पिता जवाहरलाल नेहरू की ही तरह पर्वतो से बहुत प्रेम था वह स्वयं को पर्वतों की पुत्री कहा करती थीं। उन्हें इस बात पर गर्व भी था। इसीलिए उन्होंने अपनी अस्थियों को हिमालय के शिखरों पर बिखरने की इच्छा व्यक्त की थी।

अनेक अन्तर्राष्ट्रीय पर्वतारोहण गोष्ठियो तथा बैठकों में इस शालीन महिला को निकट से देखने का मुझे सुअवसर प्राप्त हुआ था। एक ऐसा ही दुर्लभ अवसर मेरे जीवन में लगभग तीस वर्ष पहले आया था। तीनमूर्ति भवन में एक समारोह था, जिसमें विश्व के अग्रणी पर्वतारोही तेनसिह नोरके समेत अनेक अतिथि मौजूद थे। यह जून, 1953 की बात है। इसमें जवाहरलाल नेहरू जी ने आदेश दिया था कि भारत में तेनसिंह जैसे और पर्वतारोही तैयार किये जाने चाहिए। इसके लिए उनको प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। कुछ ही महीनो के अन्दर दार्जिलिंग मे हिमालय पर्वतारोहण संस्थान नाम की संस्था खोली गयी। तेनसिंह इस प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक और नन्दू जयाल इसके प्रथम प्रिंसिपल नियुक्त किये गये। इसके बाद तो भारतीय पर्वतारोहण का गौरवपूर्ण अध्याय प्रारंभ हो गया। मै वायुसेना के कुछ इने-गिने अधिकारियों में था जिन्हें इस संस्थान में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। एवरेस्ट शिखर पर आरोहण करने वाले प्रथम अभियान दल के एक सप्ताह के भीतर ही हमने विमान से एवरेस्ट के कुछ चित्र लिये थे। उन चित्रों को लेकर मैं प्रधानमंत्री के पास हस्ताक्षर के लिये पहुंचा था। उस समय अतिथि सेवा का कार्य इंदिरा जी सम्हाल रही थीं। उन चित्रों पर हस्ताक्षर कराने के लिये मैंने इंदिरा जी का ही सहारा लिया था और अब वे चित्र वायुसेना संग्रहालय के दुर्लभतम चित्रो मे से हैं।

नेहरू जी की अस्थियों को देश भर में विसर्जित करने का जब कार्यक्रम शुरू हुआ था, तो इंदिरा गांधी ने उस डकोटा में जाने की इच्छा व्यक्त की थी जो कश्मीर

हिमालय की हिम नदियो तथा पर्वतमालाओं के ऊपर होकर गुजरने वाला था। इस विशेष विमान ने12 जून, 1964 को उड़ान भरी। इंदिरा गांधी ने स्वयं अपने कर-कमलों से फूलों और भस्म को एक साथ मिलाकर हिम नदियों, चट्टानो और हिममण्डित शिखरों तथा लिद्दर घाटी के क्षेत्रों में बिखेरने की उत्कृष्ट भूमिका निभाई थी।

1968 में गर्मियों के दिन थे। मुझे भारतीय पर्वतारोहण फाउण्डेशन के अध्यक्ष हरीश सरीन के साथ नम्बर-एक सफदरजंग रोड निवास पर जाने का अवसर प्राप्त हुआ। भारत और जापान की महिलाओं का दल प्रधानमंत्री से मिलने गया था, इसमें चार जापानी और पांच भारतीय लड़कियां थीं। इस संयुक्त दल ने पांच हजार 6 सौ 55 मीटर ऊंची हिमालय की चोटी पर आरोहण किया था। इस दल से मिलकर इंदिरा जी जितना खुश हुई थीं, उतना शायद मैंने उन्हें कभी भी खुश नहीं देखा था। वह सभी निर्धारित कार्यक्रमों को ताक पर रखकर महिला पर्वतारोहियों के साथ काफी देर तक हंस-हंस कर बातें करती रही जबकि अनेक लोग बाहर उनके दर्शन के लिये उतावली मचा रहे थे।

1980 की क्रिसमस की सन्धया थी। प्रधानमंत्री ही हिमालय पर्वतारोहण संस्थान की अध्यक्ष भी थी और वह दिल्ली रिज के दक्षिणी भाग पर भारतीय पर्वतारोहण फाउण्डेशन के नव निर्मित मुख्यालय भवन का उद्घाटन करने के लिये आयी थी। उस समय अपने भाषण में उन्होंने अपने को "गिरि कन्या" घोषित किया था और संस्थान के भवन को साहस का प्रतीक बताते हुए कहा था कि यह भवन भारतीय पुनरुत्थान तथा साहस की भावना और विश्वास का प्रतीक है।

उसी समारोह में महा कवि कालिदास का उद्धारण देते हुए उन्होंने हिमालय पुत्री पार्वती की सराहाना की थी। उन्होंने कहा था कि हम पर्वतारोहियों की ओर क्यों आकृष्ट होते हैं? पर्वतारोहियों का इतना सम्मान हम क्यों करते हैं? इसका मुख्य कारण है कि पर्वतारोही खतरों और चुनौतियों से हमें जूझने का साहस प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आज समूचा विश्व टकराव और परस्पर युद्ध की ओर अग्रसर हो रहा है। जिस पानी को हम पीते है और जिस हवा मे हम सांस लेते हैं उस को ही हम प्रदूषित कर रहे हैं। जिन शहरों में हम रहते हैं, उन्हें गंदा कर रहे हैं परन्तु हिम शिखरों और देव स्थानों की स्वच्छता को भी यदि हम प्रदूषित करते हैं तो यह बहुत ज्यादती होगी। श्रीमती गांधी ने कहा कि हम जब भी पर्वतों को देखते हैं तो ऐसा लगता है कि जैसे हम उसे पहली बार देख रहे हैं। हमारा अन्तःकरण निर्मल हो जाता है और ऐसा लगता है कि पहाड़ों से हमे कुछ शक्ति मिल रही है। उन्होंने नेहरू जी की जीवनी का उल्लेख करते हुए कहा था कि अपनी आत्म कथा मे नेहरू जी ने लीताओ पी का उदाहरण प्रस्तुत किया है कि पर्वत और मैं कभी थकते नहीं है और यही बात मेरे लिये भी लागू होती है कि मै भी थकावट महसूस नही करता हूं।

हिमालय के प्रति अपनी श्रद्धा अभिव्यक्त करते हुए श्रीमती गांधी ने कहा था कि हम भारतीयों के लिये हिमालय केवल पर्वत शिखरो की माला ही नहीं है, बल्कि भारत के शाश्वत मूल्यों का वह अभिन्न अंग है। पर्वत हमें सिखाते हैं कि अपने भीतर गहराई तक देखें। बाहर भी देखे। बाहर के विराट विश्व से हम एकाकार की भावना रखें। हममे से प्रत्येक अकेला है लेकिन साथ ही विश्व का एक भाग है। जब हम पर्वत शिखर पर पहुंचते है तो यह केवल विज्ञान की विजय नहीं होती बल्कि हमारी आत्मा की भी विजय होती है और इसी प्रकार का समन्वय हमारे दैनिक जीवन के समस्त कार्यकलापों मे भी रखने की आवश्यकता है।

समय कैसे बीतता जाता है, अपने पीछे केवल स्मृतियां छोड़ जाता है। मेरी कलाई पर जो घड़ी बंधी हुई है, उससे भी एक स्मृति जुड़ी हुई है। इस कलाई घड़ी को उन्होने अपने ही हाथों से एक समारोह में भेट किया था। उस समारोह मे तेनसिंह और कुछ और मित्र भी थे, जो कि भारतीय पर्वतारोहण से काफी लम्बे अर्से से सम्बद्ध रहे हैं। घड़ी की घूमती हुई सुइयां उनकी पवित्र यादों को लगातार मानस पटल मे अंकित कर रही हैं और पर्वतों के प्रति उनके अगाध प्रेम को बार-बार स्मृति मे ला रही है।

इंदिरा जी हिमालय की उस गोद मे अर्पित हो चुकी है जिससे कि उनको अगाध प्रेम था। वह अब उस हिमालय में पहुँच गयी है, जहां देवी-देवता, यक्ष, गंधर्व और किन्नर निवास करते है, जहां हिम नदियां पर्वत शिखरो से उतर-उतर कर हिम धवल अट्टहास करती है। कभी वे चट्टानों से टकराती हैं, कभी वे निर्झर बनकर सम्पूर्ण वन प्रदेश को अपने कलकल निनाद से गुंजरित करती हैं, तो कभी कठोर हिमशिला खण्डों के बीच से घूमती हुई उपत्यकाओ की गोदी मे खेलती हुई आगे बढ़ती जाती है और निर्झरणी से सरिता का स्वरूप धारण कर मैदानी भाग से होती हुई समुद्र मे जाकर विलीन हो जाती हैं। इंदिरा जी की अस्थियां हिम मंडित शिखरो से शनैः शनैः प्रवाहित होती हुई संपूर्ण भारतवर्ष में पहुंच जायेंगी और इस प्रकार इस पर्वत पुत्री की जो आकांक्षा थी, वह सही अर्थो में साकार हो उठेगी। उनकी अस्थियां न केवल पर्वत शिखरो, हिम नदियों, झरनों और मैदानी भागो तथा सागर में पहुंचेगी, अपितु वे भारत के कण-कण मे व्याप्त हो उठेंगी। और फिर जो उनकी आकांक्षाएं अभीतक अधूरी रह गयी थी, वे एक न एक दिन पूरी होकर कण-कण को अपने रस से सिंचित कर देंगी।

Our Contributors

M.G.K. Menon: Eminent Scientist and Member, Planning Commission.

C.H. Hanumantha Rao: Member, Planning Commission.

U.R. Rao: Chairman, Space Commission of India & Secretary to Government of India, Department of Space

Subhadra Joshi: President, Sampradayikta Virodhi Committee.

V.P. Dutt: Former Member, Rajya Sabha and Professor, Delhi University.

T.N. Kaul: Eminent Diplomat

K. Natwar Singh: Former Secretary to Government of India and Secretary General of the seventh non-aligned Summit.

C.S. Pandit: Well known Journalist and Special Correspondent, Amrit Bazar Patrika.

S. Viswam: Bureau Chief, Delhi, Deccan Herald

Situ Mallick: Author associated with mountaineering

Pupal Jayakar: Eminent Social Worker

Chitra Narain: Chief Producer (Features). All India Radio

दिनेश सिंहः भूतपूर्व विदेश मंत्री.

राजेन्द्र माथुरः 'नव-भारत टाइम्स' के प्रधान सम्पादक.

के०पी० मिश्राः प्रोफेसर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

वीरेंद्र गोहिलः आकाशवाणी, दिल्ली से संबद्ध

कपिला वात्स्यायनः सुप्रसिद्ध लेखिका व कला आलोचक.

श्रीकांत वर्माः संसद सदस्य व प्रसिद्ध हिंदी लेखक.

कमलापति त्रिपाठीः वयोवृद्ध नेता और कांग्रेस (इ०) के कार्यकारी अध्यक्ष

मृणाल पाण्डेः जानीमानी हिंदी लेखिका और 'वामा' की सम्पादक.

रमानाथ अवस्थीः प्रसिद्ध हिंदी कवि व आकाशवाणी दिल्ली मे चीफ प्रोड्यूसर (हिंदी रूपक).

मुहम्मद फज़लः योजना आयोग के सदस्य.

जयप्रकाश भारतीः विज्ञान लेखक तथा 'नंदन' के सम्पादक.

सुशीला रोहतगीः अध्यक्ष, केंद्रीय समाज-कल्याण बोर्ड.

उमा चकबस्तः लखनऊ रेडियो से संबद्ध

सीतू मलिकः पर्वतारोहण से संबद्ध.

